
# जय हिन्द जनाब

हर नज़र पर ख़बर — हर ख़बर पर नज़र

टी 20' वर्ल्ड कप के लिए अमिताभ ने दीं टीम इंडिया को शुभकामनाएं पेज 7

तापमान 27 °C | °F 16 °C | °F

आर्द्रता 48 % वात 19 KM/H



पुलिस लाइन में मनाया स्मृति दिवस पेज 8


वर्ष : 18, अंक : 231 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए UPHIN/2005/14445 www.jaihindjanab.com नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022







# संदेह के घेरे में पुलिस का एनकाउंटर, निष्पक्ष जांच की मांग

## रबूपुरा स्थित विधायक धीरेन्द्र सिंह के आवास पर पहुंचे पीड़ित शाहरुख के परिजन, लगाई न्याय की गुहार

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर करने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने बीती रात एक मोबाइल की दुकान में लूट करने वालों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने का दावा किया लेकिन आज सुबह पकड़े गए युवकों में से एक के परिजनों ने दावा किया कि पुलिस ने शाहरुख नाम के युवक को फर्जी तरीके से फंसाया है। आज सुबह उन्होंने इस संबंध में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह से मिलकर शिकायत की। शाहरुख मूल रूप से रबूपुरा का रहने वाला है। परिजनों का दावा है कि पुलिस शाहरुख को उस वक्त उठाकर ले गई जब वह ई-रिक्शा चला रहा था। ई-रिक्शा चलाकर शाहरुख अपने घर का पालन-पोषण करता है।









पुलिस की गोली से घायल शाहरुख-बलराम और वाह-वाही लूटने वाली टीम

डीसीपी ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा ने पुलिस मुठभेड़ के बाद कहा कि थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के अंतर्गत 9 जुलाई को कुंडली गांव में मनी ट्रांसफर की दुकान से दुकानदार से 35000 लूटे गए थे। इस मामले में बलराम और शाहरुख वांछित चल रहे थे। दोनों पर पक्षी 25000 का इनाम घोषित किया गया था। देर रात पुलिस को सूचना मिली थी, यह दोनों देर रात किसी सर्राफा दुकान में लूटपाट करने की योजना बनाकर घूम रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। पुलिस ने संदिग्ध युवकों को बाइक पर सवार देखा तो उनका पीछा किया और पकड़ने की कोशिश की तभी बलराम और शाहरुख ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई जिसमें दोनों बदमाशों को पैर में गोली लगी। इनका एक साथी फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। इन दोनों के कब्जे से कैश, अवैध असले और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। डीसीपी का कहना है कि मोटरसाइकिल का पता लगाया जा रहा है कि यह चोरी की है या लूट की।

> बलराम पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज है, लेकिन शाहरुख पर अब तक की जांच में कोई मुकदमा दर्ज नहीं मिला है। पुलिस रिकॉर्ड खंगाल रही है कि इसके खिलाफ कितने मुकदमा दर्ज हैं।
>
> **विशाल पाण्डे**
> **एडीसीपी ग्रेटर नोएडा**

### परिजनों का दावा शाहरुख को दोपहर में उठाकर ले गई थी पुलिस

शाहरुख के भाई सोनू पुत्र अब्दुलरहमान का दावा है कि बीते दिन पुलिस दोपहर करीब 1:30 बजे उसे उठाकर ले गई थी। उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन कोई खबर नहीं मिली। आज सुबह खबर मिली की नॉलेज पार्क पुलिस ने एनकाउंटर किया है। परिजनों का दावा है कि शाहरुख पर पहले कोई किसी भी तरह का केस दर्ज नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जो लूटपाट की वीडियो सीसीटीवी फुटेज उन्हें दिखाई गई है उसमें शाहरुख नहीं है। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठाई है। विधायक से गुहार लगाई कि वह इस मामले में निष्पक्ष जांच कराकर उन्हें न्याय दिलाएं।

## खास खबर

### पीएम मोदी ने लॉन्च की मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव, कहा आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस पर आज मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव की लॉन्चिंग की। इसके तहत 50 केंद्रीय मंत्रियों ने अलग-अलग लोकेशन पर 75 हजार 226 युवाओं को नियुक्ति पत्र, यानी अपॉइंटमेंट लेटर सौंपे। इस ड्राइव के जरिए अगले डेढ़ साल, यानी दिसंबर 2023 तक 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का टारगेट है। सभी भर्तियां यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से की जाएंगी। समारोह के दौरान पीएम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत की युवा शक्ति के लिए महत्वपूर्ण दिन हैं। बीते 8 वर्ष में देश में रोजगार और स्वरोजगार का जो अभियान चल रहा है, आज उसमें एक और कड़ी जुड़ी रही है। ये कड़ी रोजगार मेले की है। आज केंद्र सरकार 75,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। आज केंद्र सरकार आजादी के 75 वर्ष को ध्यान में रखते हुए 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। पिछले कई वर्षों में भी लाखों युवाओं को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

# एमपी बस हादसे में यूपी के 15 मजदूरों की मौत

## सभी दिवाली मनाने घर जा रहे थे, जेसीबी से बस काटकर निकाले शव

जय हिन्द संवाद

**रीवा/लखनऊ।** मध्यप्रदेश के रीवा के नजदीक नेशनल हाईवे-30 पर देर रात भीषण हादसा हो गया। बस और ट्रेलर की टक्कर में यूपी के 15 यात्रियों की मौत हो गई। 40 से ज्यादा यात्री घायल हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी, तब जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

हादसा देर रात रीवा से 70 किमी दूर सोहागी पहाड़ी पर हुआ। चश्मदीदों के मुताबिक, बस पहाड़ से नीचे उतरते वक्त ट्रेलर से जा टकराई। हादसे के वक्त बस की रफ्तार काफी तेज थी। बस हैदराबाद से गोरखपुर जा रही थी। इसमें 55 से ज्यादा लोग सवार थे। मरने वालों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं। सभी मजदूर हैं। ये दीपावली मनाने अपने घर लौट रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि 4 से ज्यादा लोग बस के अगले हिस्से में फंस गए। इनके शवों को जेसीबी से काटकर बाहर निकाला गया। रीवा प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 8319706674 और 7049122399 जारी किया है। फोन कर घटना के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।




### सीएम योगी ने दो-दो लाख की मदद का ऐलान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताया। उत्तर प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक मदद का ऐलान किया है।

### धनतेरस आजः सजी दुकानें, खरीददारी को उमड़े लोग

**नोएडा।** आज धनतेरस पर सुबह से ही शहर के बाजारों में रौनक दिखने लगी है। अलग-अलग बाजारों में सजी दुकानों को देखकर लग रहा है कि कारोबारियों को उम्मीद है कि इस बार पांच सौ करोड़ से अधिक का कारोबार होगा। हालांकि सर्राफा बाजार को मिला लिया जाए तो इस बार करीब 5 हजार करोड़ रुपए के कारोबार होने की उम्मीद है। बाजारों में भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने हेल्प लाइन नंबर 9971009001 पर सम्पर्क कर सकते है। धनतेरस पर नया बर्तन या अन्य कुछ वस्तु घर में लाना शुभ माना जाता है। इससे लगभग हर परिवार अपने बजट के अनुसार बर्तन, सोना-चांदी या अन्य वस्तु घर लेकर आते हैं। सेक्टर-5 हरौला और भंगेल आदि में धनतेरस पर बाजार बर्तनों से सज-धजकर तैयार हैं। परंपरानुसार लोग बतौर शगुन धनतेरस पर बर्तन की खरीदारी जरूर करते हैं। बीते वर्ष की तुलना में इस बार बर्तनों के दामों में 10 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# त्योहारों को लेकर अलर्ट

- कमिश्नर ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा
- बाजारों में शांति व्यवस्था रखने के दिए निर्देश



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** त्योहारों को लेकर नोएडा पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस कमिश्नर भी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मैदान में उतरे। उन्होंने थाना 20 क्षेत्र में पैदल मार्च करते हुए लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने आगामी त्योहारों को लेकर थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में भ्रमण किया। उनके साथ टीम में डीसीपी नोएडा हरीश चंदर, एडीसीपी नोएडा आशुतोष द्विवेदी, एसीपी रजनीश व स्थानीय पुलिस बल थे। टीम ने फुट पेट्रोलिंग की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

टीम ने थाना सेक्टर 20 क्षेत्र की अट्टा मार्केट, इंद्रा मार्केट व सेक्टर 18 में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए वहां ड्यूटी कर रहे बड्डी पेयर टीम, सुरक्षा गार्डों व यातायात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्हें सर्तकता के साथ ड्यूटी के निर्देशित किया गया।

उन्होंने पुलिस बल को निर्देश दिए महिला सुरक्षा इकाई टीम भी सर्तकता के साथ ड्यूटी करें। बाजारों में आने वाली महिलाओं के साथ समन्वय स्थापित करें, ताकि महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढें। किसी भी प्रकार की अभद्रता/आपसी सोहार्द्र बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्लाट की कीमत 9 करोड़ बोली लगी 1100 करोड़

## सीईओ रितु माहेश्वरी ने दिए जांच के आदेश

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना की नीलामी में सक्रिय दलालों ने योजना को फ्लॉप बना दिया है। दलाल विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों से सांठगांठ कर भूखंडों की अनाप शनाप ई-बोली लगवा रहे हैं। कई भूखंड ऐसे हैं, जिनकी बोली बाजार दर से कई गुना अधिक लगा दी गई है। नोएडा के सबसे पॉश सेक्टर 44 में 143बी स्थित 450 वर्ग मीटर के आवासीय भूखंड को ई-नीलामी में 1125 करोड़ 71 लाख 71 हजार 875 रुपए में खरीदने के लिए बोली लगाई गई। जबकि इस भूखंड का बेस प्राइस 9 करोड़ 31 लाख 21 हजार 875 रुपए था।



जानकारों का कहना है कि बोली लगाने वाले अब तकनीकी खामी बताकर शिकायत दर्ज करा रहे हैं, ताकि भूखंड नीलामी के लिए जमा की गई ईएमडी को जब्त होने से बचाया जा सके। प्राधिकरण के प्रवधान के अनुसार सर्वाधिक बोली लगाने वालों के आवेदन खारिज होने के बाद दूसरे नंबर की बोली लगाने वालों को भूखंड आवंटित कर दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि दूसरे नंबर की बोली कम लगाई गई। यानि कम दर पर भूखंड की बोली लगाने वाले को भूखंड का आवंटन कर दिया जाएगा। जबकि सर्वाधिक बोली लगाने वाले की ईएमडी तकनीकी खामी बताकर वापस कर दी जाएगी।

इसी सेक्टर में नीलामी के पहले दिन 350 वर्ग मीटर के सी-236 भूखंड को 49 करोड़ 67 लाख 66 हजार 925 रुपये की बोली पर खरीदा गया। जबकि इसकी वास्तविक कीमत नोएडा प्राधिकरण ने चार करोड़ 96 लाख 66 हजार 925 रुपये रखी थी। इसी प्रकार सेक्टर-105 के 112.5 वर्ग मीटर के डी-187 भूखंड के लिए 11 करोड़ 93 लाख सात हजार 890.63 रुपये की शीर्ष बोली लगाई गई। जबकि इस भूखंड के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 94 लाख दो हजार 890.63 रुपये की दर निर्धारित की थी।

नोएडा प्राधिकरण की आवासीय भूखंड विभाग ओएसडी ज्योत्सना यादव ने बताया कि ब्रोशर में स्पष्ट लिखा हुआ है कि यदि कोई गलत तरीके से ई-नीलामी करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष अधिकारियों की आपत्ति के बाद मामले क जांच शुरू कर दी गई है।

### - अर्ज है

**जनाब ...**

गांगुली की जगह बिन्नी बीसीसीआई के अध्यक्षः खबर

**जनाब-ए-आली**

पता चलेगा जब जय शाह बनाएगा चकरगिन्नी ...!







PRIYAGOLD


**Breaking**

>> नई दिल्लीः यूएनएससी ने सामूहिक हिंसा को रोकने के लिए हैती के लिए प्रतिबंध पैकेज को दी मंजूरी >> नई दिल्लीः देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 2,112 नए केस मिले, एक दिन पहले मिले थे 2119 केस >> नई दिल्लीः एमसीडी इलेक्शन में 50 प्रतिशत महिलाओं को रिजर्वेशन, ईसी ने जारी की 250 वार्डों की सूची

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले...

# ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगा अयोध्या दीपोत्सव

जय हिन्द संवाद



**लखनऊ।** 2022 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस वर्ष अयोध्या का दीपोत्सव ऐतिहासिक होगा। बीते पांच वर्षों से लगातार अयोध्या में भव्य-दिव्य दीपोत्सव का आयोजन हो रहा है। हर वर्ष रिकार्ड दीपों का प्रज्वलन कर यह आयोजन वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस वर्ष हम अपने ही पिछले रिकार्ड को तोड़कर एक नया कीर्तिमान रचेंगे। वह शुक्रवार देर रात शासन के उच्चाधिकारियों के साथ अयोध्या में दीपोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

अयोध्या जिला के पुलिस-प्रशासन के अधिकारी समीक्षा बैठक से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। योगी ने कहा कि इस वर्ष अयोध्या दीपोत्सव में प्रधानमंत्री उपस्थित रहेंगे। दीपोत्सव उल्लास और उत्साह का पर्व है। बड़ी संख्या में स्थानीय जनता और देश-विदेश के पर्यटक इसमें सहभागी होंगे। ऐसे में जनता की भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाए। आमजन के आवागमन, बैठने की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। भीड़ नियंत्रित रहे। पुलिस बल का व्यवहार सरल और सहयोगी हो। किसी भी श्रद्धालु या पर्यटक को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या दीपोत्सव अपनी भव्यता के लिए पूरी दुनिया में पहचान बना रहा है। ऐसे में समारोह की गरिमा का पूरा ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां की जाएं। 23 अक्टूबर के मुख्य समारोह से पूर्व पूरे कार्यक्रम का एक बार पूर्वाभ्यास कर लिया जाए। मुख्य समारोह से पहले पूरे जिले में स्वच्छता व सैनिटाइजेशन का विशेष अभियान चलाया जाए।उन्होंने कहा कि अयोध्या दीपोत्सव में भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी, भरत मिलाप, श्रीराम राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का प्रतीकात्मक चित्रण भी होगा।

प्रधानमंत्री सरयू मैया की आरती भी उतारेंगे। इन विशिष्ट अवसरों पर समयानुकूल सुमधुर भजन, आरती व मानस की चौपाइयों, दोहा आदि का गायन होना चाहिए। इससे समारोह और अधिक शोभायमान और अविस्मरणीय होगा।प्रधानमंत्री समेत अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था के मानकों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। गलती की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। अयोध्या की सीमा से लगे बस्ती, रायबरेली, गोंडा, बाराबंकी आदि जिलों को अलर्ट रहना होगा।

शनिवार से प्रभावी किये जा रहे रूट डायवर्जन के बारे में जनता को जानकारी दी जानी चाहिए। अयोध्या जिले की सभी सीमा पर एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारियों की तैनाती की जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत अयोध्या के सभी होटलों/धर्मशालाओं से संपर्क बनाए रखें। यहां प्रवास कर रहे लोगों की पूरी जानकारी रखी जाए।उन्होंने कहा कि अयोध्या जिले में जगह-जगह समारोह का सीधा प्रसारण किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग दीपोत्सव से जुड़ सकें। मुख्य समारोह संपन्न होने के बाद लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें, इसके लिए समुचित प्लानिंग कर ली जाए।

## दो दिन बाद मेरठ-करनाल हाईवे पर ट्रैफिक बहाल, किसानों के वाहनों को मिली अनुमति



जय हिन्द संवाद

**शामली।** यूपी के किसानों के धान लदे वाहन करनाल जाने से रोके जाने की वजह से दो दिन से मेरठ-करनाल हाईवे पर ठप यातायात व्यवस्था शुक्रवार देर रात में हरियाणा राज्य के अधिकारियों और शामली जिलाधिकारी की वार्ता के बाद सुचारू हो गई। हरियाणा के अधिकारियों ने यमुना बिड़ौली पुल पर फंसे धान से लदे वाहनों को करनाल ले जाने की अनुमति दे दी। इसके पश्चात किसानों ने धरना भी समाप्त कर दिया।

बीते गुरुवार की सुबह हरियाणा पुलिस ने बिड़ौली यमुना पुल पर ही यूपी के किसानों के धान लदे वाहन रोक दिए थे। आरोप है कि एक किसान के साथ हरियाणा पुलिस ने मारपीट भी की। इसकी वजह से किसानों में गुस्सा भड़क गया था और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया था। शुक्रवार सुबह भी किसानों का धरना प्रदर्शन जारी रहा और मेरठ-करनाल हाईवे पर ट्रैफिक जाम रहा।

# मुलायम सिंह यादव की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जय हिन्द संवाद



**नोएडा ।** सेक्टर 63 बहलोलपुर में सत्ते प्रधान के आवास पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संरक्षक मुलायम सिंह यादव की स्मृति में शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस दौरान हवन कर और मौन रख सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की, इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित मुख्य लोगों में,

सुनील चौधरी ,सते प्रधान, योगेश भाटी, श्रीपाल प्रधान, सुरेंद्र प्रधान ,सुधीर चौहान, सुल्तान अंसारी, गुड्डू ,राहुल यादव,कालू यादव, गौरव , बब्बू यादव ,अजीम अली जैदी, अनिल पाल ,अतुल यादव ,बबली शर्मा ,विजय यादव, नकुल चौहान, राजवीर, शर्मा यादव ,रामपाल यादव, हरदयाल, भूले प्रधान ,शेर सिंह ,जय वीर ,मूलचंद ,संजय ,जग्गी, मुकेश, अरुण ,राजेंदर ,नब्बू यादव ,अमित यादव, सुमित अंबावत ,कवित गुर्जर टीटू यादव,मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# देवबंद दारुल उलूम भी गैर सहायता प्राप्त मदरसा

## सोसाइटी एक्ट में है पंजीकृत

जय हिन्द संवाद



**सहारनपुर ।** सहारनपुर में भी मदरसों के सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 360 मदरसे सरकार से गैर सहायता प्राप्त मिल चुके हैं। इनमें देवबन्द का दारुल उलूम मदरसा भी शामिल है। दारुल उलूम 156 साल पुराना मदरसा है। यह सोसाइटी एक्ट में पंजीकृत है। सहारनपुर की सदर तहसील में गैर सहायता प्राप्त मदरसों की संख्या सर्वाधिक है।

सबसे कम सहायता प्राप्त मदरसे बेहट तहसील में पाए गए हैं। अभी सर्वे जारी है, ऐसे मदरसों की संख्या बढ़ सकती है। दरअसल प्रदेश सरकार के आदेश के बाद डीएम अखिलेश सिंह ने भी गैर सहायता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराने के निर्देश दिए थे। तहसील स्तर पर टीमें बनाकर सर्वे शुरू कराया गया। जनपद में 10 सितंबर से सर्वे का कार्य शुरू हुआ।

अभी तक 360 से अधिक ऐसे मदरसे मिल चुके हैं, जिन्होंने सरकार से सहायता नहीं मिलती। प्राप्त मदरसों को सर्वे में पता लगा हैं। वहीं सबसे अधिक 123 मदरसे सदर तहसील में हैं। जबकि सबसे कम मदरसें बेहट तहसील मिले हैं। हालांकि बेहट तहसील में सर्वे जारी है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि बेहट तहसील में मदरसों की संख्या बढने का अनुमान हैं। सर्वे रिपोर्ट को तैयार कर डीएम 15 नवंबर तक शासन को भेजेंगे।

डीएम अखिलेश सिंह ने बताया कि सर्वे टीम निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट तैयार कर रही हैं। इसमें मदरसों का पाठयक्रम,स्थापना वर्ष, संस्थापक, संचालित करने वाली संस्था, छात्रों की संख्या, मदरसे को सरकारी मदद व शिक्षिकों की संख्या आदि पर बिन्दुवार सर्वे रिपोर्ट को तैयार की जा रही है। डीएम अखिलेश सिंह ने बताया कि अब तक 360 ऐसे मदरसों का पता चला है जो सरकार से मदद नहीं लेते, दारुल उलूम भी सरकार से मदद नहीं लेता, यह सोसाइटी एक्ट में है पंजीकृत है, लेकिन यह अवैध है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। सर्वे को लेकर लोगों में कुछ भ्रम है, सर्वे में यह पता करना है कि कितने मदरसे सरकार से मदद प्राप्त कर रहे हैं, जो मदरसे सरकार से सहायता प्राप्त हैं, उनका अल्पसंख्यक विभाग में पंजीकरण आवश्यक है, लेकिन जो मदरसे सरकार से मदद नहीं ले रहे उनको अवैध नहीं कह सकते, जब तक कि यह पुष्टि न हो जाये कि उनको प्राप्त मदद का स्रोत उचित नहीं है। प्रदेश सरकार द्वारा गैर सहायता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराने के विरोध में दारुल उलूम देवबंद में यूपी के मदरसों का सम्मेलन हुआ था। इसमें मौलाना अरशद मदनी ने कहा था कि मदरसों का सर्वे कराना सरकार का अधिकार है। मदरसों के अंदर कोई अवैध गतिविधि नहीं होती। यह पता करना सरकार की जिम्मेदारी है। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे किए जाने को लेकर आयोजित सम्मेलन में दारुल उलूम देवबंद ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा था कि सर्वे से बिलकुल डरने और घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सर्वे में सहयोग करते हुए संपूर्ण और सही जानकारी दें।

## हाथरस में जरा सी बात पर पिता ने गोली मारकर बेटे की कर दी हत्या





जय हिन्द संवाद

**हाथरस।** सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव घूंचा में शुक्रवार देर शाम पिता ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर अपने बेटे की हत्या कर दी और बंदूक की बट मारकर दादा को घायल कर दिया। वारदात करने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा मामले में पुलिस ने आरोपित व परिवार के अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव निवासी सुनीता देवी पत्नी गोविंद सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उसका पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान उसका 22 वर्षीय बेटा विशाल बीच-बचाव करने लगा। इसे देख गोविंद अपनी लाइसेंसी बंदूक को निकल लाया और बेटे को गोली मार दी। गोली लगने के बाद युवक छटपटा कर जमीन पर गिर गया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई।गोविंद से उसकी बंदूक छुड़ाने के लिए उसके पिता राजाराम आए तो आरोपित ने उनके सर में बंदूक की बट मारकर में घायल कर दिया। आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए स्वजन आगरा ले जा रहे थे, जहां रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना पर इलाका पुलिस पहुंच गई तो आरोपित मौके से फरार हो गया। इस वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है। गांव में पुलिस कर्मी भी तैनात कर दी गई है। मामले में मृतक की मां की तहरीर पर आरोपित व परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है।

# निलंबित एसपी का जेल में दर्ज होगा बयान

## महोबा में व्यापारी की मौत का मामला

जय हिन्द संवाद



**महोबा** के क्रशर व्यापारी से रंगदारी वसूलने व उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में निरुद्ध निलंबित एसपी मणिलाल पाटीदार का जेल में बयान दर्ज करने की अनुमति अदालत ने विवेचक को दी है। शुक्रवार को अदालत में इस मामले के विवेचक व प्रयागराज के एडिशनल एसपी क्राइम सतीश चंद्र ने इस आशय की अर्जी दी थी।

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज लोकेश वरुण ने इस अर्जी को मंजूर कर लिया। बीती शनिवार को अभियुक्त पाटीदार ने विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया था। अदालत ने इसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। इस मामले में कबरई के बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला के साथ ही सिपाही अरुण कुमार यादव, सुरेश सोनी व ब्रह्म दत्त तिवारी पहले से न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं।

यह है मामला1 सितंबर, 2020 को इस मामले की एफआइआर मृतक इंद्रकांत त्रिपाठी के भाई रविकांत त्रिपाठी ने महोबा के थाना कबरई में दर्ज कराई थी।इस मामले की जांच प्रयागराज के एसपी क्राइम आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में गठित एसआइटी ने की। एसआटी की जांच में इस मामले को आत्महत्या के लिए उकसाने का पाया गया। विवेचना के पश्चात अभियुक्तों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने, रंगदारी वसूलने, साजिश रचने व जानमाल की धमकी देने के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल हुआ था।


### मेरठ में व्यापारी पर फायरिंग

**मेरठ।** हाईवे-58 स्थित सिवाया टोल प्लाजा पर दो दिन पहले रात में व्यापारी पर फायरिंग करने वाले आरोपित को दौराला पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उसके बाकी साथियों की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर आरके पचौरी ने बताया कि दो दिन पहले रात में कार सवार स्वजन पर दूसरी कार सवार युवकों ने फायरिंग कर दी। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर धारा-307 में जानलेवा हमला का केस दर्ज किया गया। उसके बाद पुलिस ने मनीष अहलावत पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी बाउंड्री रोड लालकुर्ती को गिरफ्तार किया है। हालांकि फायरिंग करने वाले एक कार में तीन से चार युवक सवार थे।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला सरगना गिरफ्तार एसटीएफ ने सूरत में दबोचा



जय हिन्द संवाद



**लखनऊ।** निजी कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना रविशंकर यादव को एसटीएफ ने सूरत से गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में भी मुकदमे दर्ज हैं। बेरोजगारों को इंडिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करता था।

एसटीएफ के मुताबिक आरोपित रविशंकर आजमगढ़ के मेहनाजपुर का रहने वाला है। वह अपने साथी पंकज यादव के साथ यह जालसाजी करता था। वह प्रति व्यक्ति एक से पांच लाख रुपये वसूलता था। रुपये मिलने के बाद फर्जी नियुक्तिपत्र दे देता। इतना ही नहीं आनलाइन बेरोजगारों की गूगल मीट के माध्यम से ट्रेनिंग भी कराते थे। बेरोजगारों को 40-50 हजार रुपये प्रति माह वेतन का झांसा देते थे।

जब बेरोजगार नियुक्तिपत्र लेकर ज्वाइनिंग करने जाते तब उन्हें जालसाजी का पता चलता क्योंकि नियुक्ति न होने पर वह फोन करते तो यह लोग अपने मोबाइल बंद कर नंबर बदल देते थे। इस जालसाजी की जानकारी होने पर इंडिया मार्ट कंपनी में कर्मचारी दानिश अलीखान ने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविशंकर पहले सूरत की एक टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में भी काम करता था। आरोपित को सूरत से ट्रांजिट रिमांड पर एसटीएफ लेकर आ रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई हजरतगंज पुलिस द्वारा की जाएगी।

जालसाजों ने राज्य विधि आयोग के सदस्य समेत दो के खाते से दो लाख उड़ाए: साइबर जालसाजों ने राज्य विधि आयोग के सदस्य जगदीश प्रसाद उपाध्याय के बैंक खाते से एक लाख रुपये उड़ा दिए। इस मामले में आलमबाग पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर आलमबाग ने बताया कि जगदीश प्रसाद ईको गार्डन प्रशासनिक भवन में रहते हैं। बीते सोमवार को वह इंटरनेट का रिचार्ज कर रहे थे।

इस बीच एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को टेलीकाम कंपनी का कर्मी बताकर बातों में फंसा लिया और रिचार्ज करने के बहाने ओटीपी पूछ लिया। इसके बाद खाते से एक लाख रुपये उड़ा दिए। उधर, इंदिरानगर मानस एंक्लेव में रहने वाले सुरेश चंद्र श्रीवास्तव को बातों में उलझाकर जालसाजों ने एक लाख रुपये निकाल लिए।

# बिजनौर में श्मशान घाट के विवाद में साधु की हत्या

## आरोपित से की जा रही पूछताछ



जय हिन्द संवाद

**बिजनौर।** जिले के नहटौर क्षेत्र में श्मशान के विवाद में साधु की हत्या कर दी गई। साथी साधु ने धारदार हथियार से घटना को अंजाम दिया। हत्?या की सूचना से सनसनी फैल गई। पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। जांच की जा रही है।

नहटौर कस्बे से सटा श्मशान घाट है। इसमें ही कमरे बने हुए हैं। करीब तीन माह से 70 वर्षीय भोलेनाथ पुत्र लल्लू सिंह निवासी निवासी गांव व थाना नांगल सोती भी यहां रहने लगा था।

### भोलेनाथ का श्मशान घाट को लेकर दूसरे साधु से विवाद शुरू हो गया था...

भोलेनाथ का श्मशान घाट को लेकर दूसरे साधु से विवाद शुरू हो गया था। शुक्रवार की रात को साधु भोलेनाथ की धारदार हथियार से हत्या कर दी। सुबह घटना की जानकारी होने पर पुलिस में हलचल मच गई। सूचना पर एएसपी पूर्वी सीओ, सीओ समेत पुलिस मौके पर पहुंची।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ पंकज तोमर ने बताया कि भोलेनाथ करीब तीन माह से श्मशान में बने कमरे में रहता था, जबकि आरोपित साधु तीन साल से रह रहा था। श्मशान पर अधिकार को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# दो लाख रुपये और जेवर ठगे




जय हिन्द संवाद

**बिजनौर।** महिला का आरोप है कि कुछ समय पहले युवक ने उसकी एक वीडियो बना ली, जिसके आधार पर वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। साथ ही उसके साथ छेड़छाड़ भी करता था। आरोप है कि युवक ने महिला से उसके दस तोले सोने के जेवर और दो लाख रुपये भी ठग लिए। जब उसने वापस मांगे तो आरोपित ने उसे और परिवार के सदस्य को जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर महिला ने शुक्रवार को थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष राजीव चौधरी ने बताया कि महिला की तहरीर पर मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्म्द यामीन निवासी शरीफ नगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरु कर दी है।

### महिला की वीडियो बनाकर ब्लैकमेल

**स्योहारा।** एक महिला की वीडियो बनाकर एक युवक ने उसे ब्लैकमेल किया और जान से मारने की धमकी भी दी। महिला का आरोप है कि युवक ने उससे दस तोले सोने के जेवर और दो लाख रुपये भी ले लिए। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा के शरीफ नगर निवासी मोहम्मद शमीम का उसके घर आना-जाना था।

# नम आखों से सपा संरक्षक मुलायम सिंह को दी श्रद्धांजलि

## विभिन्न स्थानों पर किया गया शोकसभाओं का आयोजन, जीवन पर डाला प्रकाश

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद शुक्रवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान हवन कर और दो मिनट का मौन रख कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति प्रार्थना की।

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि नेत जी का पूरा जीवन गरीब, मजदूर, वंचित, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों के हितों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने गरीबों के शोषण के खिलाफ सड़क से संसद तक आवाज उठाई।

नवर्तमान जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान ने कहा कि उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव सैफई के पिछड़े परिवार से ताल्लुक रखने वाले



मुलायम सिंह यादव भारत की राजनीति में छह दशकों तक केंद्र बिंदु रहे।

इस अवसर पर फकीर चंद नागर, गजराज नागर, नरेंद्र नागर, सुनील भाटी, कृशान्त भाटी, डॉ0 महेंद्र नागर, सुधीर तोमर, रोहित मत्ते गुर्जर, श्याम सिंह भाटी, सुधीर भाटी, अतुल शर्मा, जगवीर नम्बरदार, सुनीता यादव, उपदेश नागर, कृष्णा चौहान, अकबर खान, राजू नम्बरदार, वकील सिद्दीकी, इंद्रवीर सिंह, जनार्दन भाटी, मिंटी खारी, रोशनी सिंह, विकास भनौता, विजेंद्र नागर, परमेन्द्र भाटी, कुलदीप भाटी, कपिल ननका, नवीन भाटी, विजय गुर्जर, दीपक नागर, हैप्पी पंडित, राव संजय भाटी, अजय चौधरी, विकास जतन, रविन्द्र यादव, मुकेश सिसोदिया, विजेंद्र चौहान, मेंहदी हसन, सीपी सोलंकी, सत्य प्रकाश नागर आदि मौजूद रहे।





## निठारी में सपा नेताओं ने श्रद्धांजलि देकर किया मुलायम सिंह को याद

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** सेक्टर 31 स्थित निठारी गांव में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य एवं सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पंडित परमात्मा मिश्र द्वारा मंत्रोच्चार के आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ कराया गया। हवन में दरगाह केआलिम मुहम्मद इस्लामुद्दीन एवं सभी समाज



के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सपा नेता अर्जुन प्रजापति, देवेंद्र अवाना, बबलू चौहान, संजय त्यागी, चौधरी जयकरण, ओमपाल राणा, देवेंद्र गुर्जर, अशोक चौहान, रामबीर यादव, मनोज प्रजापति, अमर शर्मा, गौरव सिंघल, मनोज गोयल, सुधीर राय, सुजीत केसरी, मुन्नीलाल बघेल, गजेंद्र सिंह, धर्मवीर यादव सहित तमाम पार्टी नेता मौजूद रहे।

## मुलायम सिंह को कभी भुलाया नहीं जा सकता : विकास यादव

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** कंचनजंगा मार्केट सेक्टर-53 में सपा के सदस्यता अभियान प्रभारी विकास यादव द्वारा आयोजित शोकसभा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व जिला में अध्यक्ष वीर सिंह यादव ने सभी नेताओं एवं कार्यकताओं को नेता जी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया। विकास यादव ने कहा कि मुलायम सिंह ऐसे नेता थे जिन्होंने गरीब और किसानों के हित में एक नहीं अनेकों कार्य किए। श्रद्धांजलि सभा में जयकरण चौधरी, विकास यादव, ओमपाल सिंह राणा वीरपाल प्रधान, अजब सिंह नागर ,जलीस अल्वी, रेशपाल अवाना, सतीश यादव, एडवोकेट कर्मवीर यादव, कमल सिंह गौतम ,शाहिद मलिक, रमेश चौधरी, प्रवीण शर्मा, संजय दीवान नरेंद्र ,रविंद्र यादव, सतपाल यादव, श्रीमती शर्मिला बनर्जी,



विपिन चौहान ,संजय यादव, रमेश कुमार कुशवाहा, मुकुल शर्मा , उदय प्रधान, सतपाल पहलवान ,शाहिद उस्मानी, सूरज त्यागी , चिंटू त्यागी, राहुल त्यागी , सोनू त्यागी, विजेंदर त्यागी, बिल्लू खान, सुशीला भारती, रेखा, उदय सिंह, सुभाष , रानीपाल, हरिराम यादव, सतवीर यादव, विरेंद्र वाल्मीकि, दशरथ ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## मुलायम सिंह के राज में कराए गए कार्य सराहनीय : भरत यादव



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 121 में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।स्कूल के अध्यापक एवं बच्चों के साथ-साथ स्कूल के संरक्षक एवं सपा के वरिष्ठ नेता भरत यादव ने भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि मुलायम सिंह के कार्यों को कभी

- **नोएडा इंटरनेशनल स्कूल में मुलायम सिंह यादव को अर्पित की श्रद्धांजलि**

भी भुलाया नहीं जा सकता और वह सदा अमर रहेंगे।

भरत यादव ने कहा कि मुलायम सिंह सदैव अमर रहेंगे। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती आर बुवाना, केंद्रीय विद्यालय के रिटायर्ड प्रधानाचार्य डीआर यादव, सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव दीपांशु यादव, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुशील यादव के अलावा स्कूल के अध्यापक एवं छात्र छात्राओं ने मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि देकर 2 मिनट का मौन रखा।

## जब तक सूरज चाँद रहेगा नेताजी का नाम रहेगा : राकेश यादव

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के पूर्व नोएडा महानगर अध्यक्ष व मुलायम सिंह यादव के करीबी रहे राकेश यादव ने अपने कार्यालय पर मुलायम यादव सिंह यादव की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा व हवन का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन सपा नोएडा ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने किया। राकेश यादव यादव ने भावुक होते हुए कहा कि आज मै जो भी हु जैसा भी हु सब नेता जी की देन है और नेताजी के जाने से जो जगह रिक्त हुई है। हम उसकी भरपाई कभी नही कर पाएँगे।

इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष महेन्द्र यादव, दीपक विग, सूबे यादव, सुनील चौधरी, महेश यादव, भरत प्रधान, सुभाष भाटी, सुखबीर खलीफा, उदल यादव, गौरव सिंघल, अमित भाटी, चिंटू त्यागी, राहुल त्यागी, सतपाल यादव, अरुण यादव ,लखन यादव, नेहा पांडेय, संजय त्यागी, कालू यादव, योगेश भाटी, सुंदर यादव, आजाद खां, नोशद खां, विपिन, पुष्पेंद्र यादव, टीटू यादव, प्रमोद यादव, विकास यादव, हरेंद्र यादव, धनपाल यादव, बबलू चौहान, मुकेश यादव, प्रमोद यादव आदि उपस्थित रहे।



## मुलायम सिंह यादव की स्मृति में किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर ने नोएडा सेक्टर 33 स्थित अग्रसेन भवन में समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संरक्षक मुलायम सिंह यादव स्मृति में शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान सभी लोगों ने दो मिनट मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की इस अवसर पर पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य ने कहा कि नेता जी ने पूरे जीवन गरीब मजदूर वंचित पिछड़े दलित के हितों के लिए संघर्ष किया व जाति धर्म से ऊपर उठ कर समाज के लिए काम किया,निवर्तमान महानगर अध्यक्ष दीपक विग ने कहा कि सभी समाजवादी लोगों को नेताजी मुलायम सिंह यादव के बताए रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करना चाहिए, देह बल धन यहीं रह जाती हैं पर यश कीर्ति मरने के बाद भी रह जाती हैं।

सभी दलो के नेता उनका बहुत आदर करते थे ओर पार्टी लोगों को बनाती हैं पर नेताजी ने पार्टी बनायीं ओर चार बार सत्ता प्राप्त की,बाकी उपस्थित सभी लोगों ने भी श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करने का काम किया संचालन गौरव कुमार व विपिन अग्रवाल द्वारा किया गया, सभा में प्रमुख रूप से महेश आर्य ,दीपक विग , सुबे यादव,विपिन अग्रवाल, शकील सैफी, गौरव चाचरा, गौरव कुमार, दिनेश यादव, सुनीता शारदा , बाबूलाल बंसल ,गौरव सिंघल, बिलाल बरनी, देवेंद्र अवाना, देवेंद्र गुर्जर, नादिर शाह, रामवीर यादव, अशोक श्रीवास्तव,मोहनलाल गुप्ता, अचिंत्य तिवारी, नीलम बागी ,मोनू शर्मा विकास जैन रेनू, सुनैना सिंह, अनिल शर्मा,मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा के दो प्रोजेक्टों को पीएम गति शक्ति से मिलेगी रफ्तार

## ईकोटेक 8 व 10 को विकसित करने के लिए 207 करोड़ रुपये मंजूर

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** पीएम गति शक्ति के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा की दो परियोजनाओं (सेक्टर ईकोटेक 8 व 10) को विकसित करने के लिए 206.71 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। इस रकम से दोनों सेक्टरों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

इन दो सेक्टरों में अब तक 100 से अधिक उद्योगों को जमीन आवंटित किए गए हैं। इन उद्योगों से करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश और 7500 लोगों को रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है,

- **दोनों सेक्टरों में 100 से अधिक कंपनियों को अब तक हुआ है आवंटन**
- **1500 करोड़ रुपये के निवेश व 7500 युवाओं को रोजगार के अवसर**

जबकि दोनों सेक्टरों में कुछ भूखंड अभी बचे हुए हैं।

दरअसल, पीएम गति शक्ति में शामिल करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 13 प्रोजेक्ट भेजे गए थे। पहले फेज में ग्रेटर नोएडा के दो प्रोजेक्टों को पीएम गति शक्ति से आर्थिक मदद स्वीकृत हो गई है। सेक्टर ईकोटेक आठ के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए 129.90 करोड़ रुपये और ईकोटेक 10 को विकसित करने के लिए 76.81 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। इस रकम से इन दोनों सेक्टरों में रोड, सीवर, ड्रेनेज सिस्टम आदि इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने इन दो परियोजनाओं को पीएम गति शक्ति से वित्तीय सहायता मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही निवेश व रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

**गति शक्ति से अपरूड हुए दो प्रोजेक्ट का विवरण**

| सेक्टर | रकम (करोड़ रुपए में) |
|---|---|
| ईकोटेक आठ | 129.90 करोड़ |
| ईकोटेक 10 | 76.81 करोड़ |

## मंगलमय में पटाखों पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** मंगलमय इस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी द्वारा से नो टू पटाखों पर एक विशेष जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पटाखा फोड़ने से होने वाले जबरदस्त वायु प्रदूषण के बारे में जागरूकता का विकास करना था।

रैली की शुरूआत मंगलमय संस्थान के मुख्य द्वार पर संस्थान के चैयरमैन अतुल मंगल द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। सभी छात्रों ने जागरूकता संदेश के साथ-साथ पटाखें को ना कहें का संकल्प लिया। इस अवसर पर



संस्थान के वाइस चैयरमैन आयुष मंगल एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रेरणा मंगल ने पर्यावरण प्रदूषण के प्रति विद्यार्थियों का जागरूक किया। मैनेजमेंट विभाग की निर्देशक डा. गीति शर्मा ने इस आयोजन रैली के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए छात्रों को प्रदूषण मुक्त और हरित दीवाली मनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में डा. मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को सदेंश के रूप में विद्यार्थियों को पटाखों का प्रयोग कम से कम एवं हरियाली दीवाली का जश्न मनाने की सलाह दी।

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीप उत्सव

**नोएडा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को दीप उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें रंगोली एवं दीप सज्जा प्रर्दशनी प्रतियोगिता आयिजत की गई। इसके साथ छात्र-छात्राओं ने यह प्रण लिया कि वे प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाएंगे और हस्तनिर्मित वस्तुओं व वोकल फार लोकल को बढ़ावा देगे।

## शिक्षकों और शिक्षिकाओं का किया सम्मान


**नोएडा।** सरस्वती शिशु मंदिर इण्टर कॉलेज तेतरी बाज़ार में आयोजित प्रान्तीय खेल-कूद समारोह में रघुवर प्रसाद जायसवाल के नेतृत्व में विशिष्ट अतिथि के रुप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया। इस दौरान मंच पर नगर एवं महाविद्यालय प्रशासन के सभी सम्मानित जनों की उपस्थिति मंच पर रही। इस कार्यक्रम के अंतर्गत करीब 60-65 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ( आचार्य) सभी को सम्मान स्वरूप वस्त्र प्रदान किया एवं इस प्रतियोगिता में शामिल टीमों में विजयी और पराजित होने वाले टीम के इनाम वितरित किया। साथ ही हमने इस कार्यक्रम की रुप-रेखा एवं इसके प्रायोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा किया। इस दौरान कपिलवस्तु के लोकप्रिय विधायक श्री श्यामधनी राही जी, श्री श्याम बिहारी जी अध्यक्ष, नगरपालिका, सह नगर संचालक, व विद्यालय के अध्यक्ष मुरलीधर, कन्हैया चौबे, संभाग निरीक्षक, राकेश मणि, प्रधानाचार्य आदि मौजूद थे।

## बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** कोस्ट गार्ड का कर्मचारी हेलमेट पहनकर अपनी बाइक से डीएनडी से सैक्टर 20 की ओर जा रहा उन्होंने हेलमेट पहना था तो उनको सिर में चोट नहीं लगी तभी रजनीगंधा चौराहे के नीचे एक गाड़ी वाले स्पीड में आकर पहले तो उसे पीछे से टक्कर मारी और फिर उसके ऊपर गाड़ी चढ़ाकर भाग गया। लहुलुहान हालत में उस व्यक्ति को सबसे पहले दो लोगों की मदद से साइड किया जिससे ट्रैफिक भी न रूके ।

दुर्घटना होने के बाद काफी देर तक जब एंबुलेंस नहीं आई तो रजनीगंधा चौकी पर जाकर नोएडा पुलिस के सब इंस्पेक्टर वीर भद्र सिंह का सहयोग लिया उन्होंने तुरंत बिना देर किए पीसीआर 3 को दुर्घटना स्थल पर भेजा। उसमें आए हेड कॉन्स्टेबल धनंजय सिंह ने पूरा सहयोग



किया तभी कोस्ट गार्ड के कर्मचारी कोस्ट गार्ड की एंबुलेंस को लेकर वहां आ गए और मरीज को कैलाश अस्पताल लेकर रवाना हो गए। आखिर हमे किसी की जान की परवाह क्यूं नहीं चलीए आपने टक्कर मार भी दी तो कम से कम उस व्यक्ति को अस्पताल तो ले जाइए उस व्यक्ति का भी तो परिवार उसका इन्तज़ार कर रहा है।

# दैनिक जय हिन्द जनाब

शनिवार, 22 अक्टूबर , 2022


## रोजगार का मोर्चा

इन युवाओं का अड़तीस सरकारी विभागों के विभिन्न पदों पर चयन किया गया है। इस पहल से सरकार पर बढ़ रहा रोजगार सृजन का दबाव कुछ कम होगा। हालांकि पिछले कुछ सालों में भी खाली पदों को भरने की प्रक्रिया चलती रही, फिर भी केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में कुल स्वीकृत पदों में से करीब तेईस फीसद पद खाली थे।

नई भर्तियां शुरू होने से उन विभागों में काम का दबाव भी कुछ कम होगा। खाली पदों को भरने का आदेश जून में ही दे दिया गया था और सभी विभागों से कहा गया था कि वे मिशन के तौर पर खाली पदों को भरने का काम करें। अब अगले डेढ़ साल में रिक्त पदों को भरने का काम पूरा हो सकेगा। मगर इस बीच जो पद खाली होंगे, उन पर भर्तियों के लिए अलग से प्रक्रिया शुरू करनी होगी। उम्मीद की जाती है कि केंद्र सरकार की इस पहल से राज्य सरकारों को भी प्रेरणा मिलेगी और रोजगार के मोर्चे पर वे कुछ आगे बढ़ सकेंगी। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद वह हर साल दो करोड़ नए रोजगार का सृजन करेगी, मगर इस मामले में वह नाकाम ही साबित हुई। लगातार युवाओं की मांग बनी हुई थी कि खाली पड़े सरकारी पदों पर भर्तियां शुरू की जाएं, मगर उसकी प्रक्रिया सुस्त पड़ी रही। यही वजह है कि लाखों सरकारी पद लंबे समय से रिक्त पड़े हुए हैं। उम्मीद तो यह की जाती है कि सरकारें काम के बढ़ते बोझ के मद्देनजर समय-समय पर पदों की संख्या में बढ़ोतरी करेंगी, मगर जब स्वीकृत पदों पर ही भर्तियां नहीं हो पा रहीं, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन विभागों के कामकाज पर क्या असर पड़ता रहा होगा।

सावरकर ने कुत्तों और गधों से की थी गाय की तुलना, गोहत्या का किया था समर्थन तदर्थ सेवा के आधार पर कुछ नियुक्तियां करने का चलन भी इसी वजह से शुरू हुआ। मगर रोजगार में स्थायित्व न होने से लोगों की सामाजिक सुरक्षा बाधित होती है। इसलिए देर से ही सही, केंद्र सरकार ने खाली पड़े पदों में से दस लाख पर भर्तियों का सिलसिला शुरू किया है, तो युवाओं में रोजगार को लेकर कुछ आश्वस्ति पैदा हुई है। जून में जब दस लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की गई थी, तब विपक्ष ने कहना शुरू किया था कि सरकार को यह काम ऐन उसी वक्त पूरा करने की याद क्यों आई, जब अगले आम चुनाव की सरगर्मी तेज होगी। फिर यह भी कि कहां हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया गया था, अब दस सालों में केवल दस लाख नौकरियां देने की बात की जा रही हैं।हालांकि विपक्ष इस तर्क में यह भूल गया कि बीते सालों में भी खाली पदों को भरने की प्रक्रिया चलती रही है। पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि देश में पढ़े-लिखे युवाओं की बढ़ती आबादी के अनुपात में दस लाख नौकरियां कहां तक सामाजिक सुरक्षा का भाव पैदा कर पाएंगी। उसमें भी अग्निवीर जैसी योजना को लेकर सवाल उठते रहे हैं। इसलिए सरकार अगर दस लाख पदों को भरने की बात को उत्सव की तरह पेश कर रही है, तो उस पर विपक्ष की प्रतिक्रिया स्वाभाविक है।

# ब्रिटिश राजनीति के अंतर्द्वंद्व



लिज़ ट्रस ने इस्तीफा दिया- लंदन में गुरुवार (20 अक्टूबर, 2022) को 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित अपने आवास के बाहर प्रधानमंत्री के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करती हुईं लिज ट्रस, बगल में उनके पति ह्यूग ओ%लेरी भी खड़े हैं। (क्द्धश्हृश- ऋध्ज्ञश्क्र)

ब्रह्मदीप अलूने

पिछले कुछ वर्षों में ब्रिटिश राजनीति आप्रवासन और महंगाई जैसे मुद्दों पर अनिर्णय की स्थिति में रही है, जिसके चलते देश की अर्थव्यवस्था कमजोर और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी है। 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री टेरीजा मे ने ब्रेक्जिट को लेकर यूरोपीय संघ के साथ समझौते को संसद से पास न करा पाने की वजह से इस्तीफा दिया था। फिर बोरिस जानसन प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद कोरोना और रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजी समस्याओं का सामना ब्रिटेन की जनता को करना पड़ा। उनकी नीतियों को लेकर कंजर्वेटिव पार्टी में ही सवाल खड़े हुए और अंततः उन्हें इस वर्ष जुलाई में पद से हटना पड़ा। उनके बाद कंजर्वेटिव पार्टी ने लिज ट्रस को अपना नेता चुना, जिनकी प्राथमिकता राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, आप्रवासन और महंगाई को लेकर देश में बनी ऊहापोह की स्थिति को दूर करना था। राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत छियासठ लाख से ज्यादा लोग आते हैं, लेकिन उनका मुफ्त इलाज सुनिश्चित नहीं हो रहा है और इससे लोग नाराज हैं।

देश में सरकारी कर बढ़ाने की आशंकाओं के बाद सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी का विरोध बढ़ा है। इसका एक प्रमुख कारण कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर आपसी विवाद भी रहे हैं, जो राजनीतिक अदूरदर्शिता के रूप में सामने आते हैं।

यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद ब्रिटेन को अपनी अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक था कि वह भारत से अपने व्यापारिक संबंधों को मजबूत करे। बोरिस जानसन ने भारत से व्यापारिक और सामरिक संबंध बढ़ाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई थी। उम्मीद थी कि लिज ट्रस भी भारत से होने वाले मुक्त बाजार समझौते को तुरंत हरी झंडी दे देंगी। मगर हुआ इसके विपरीत।भारत से संबंधों को लेकर कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर ही गहरे मतभेद सामने आ गए। लिज ट्रस के मंत्रिमंडल में गृहमंत्री रहीं सुएला ब्रेवरमैन ने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर चिंता जाहिर कर ब्रिटेन में आने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ने की बात कह दी। यूरोप में व्यापार के लिए भारतीय ब्रिटेन को द्वार समझते हैं और इसी कारण अधिकांश भारतीय व्यापारियों ने ब्रिटेन को ठिकाना बनाया हुआ है।

ब्रेक्जिट के पीछे ब्रिटेन के आम जन की मुक्त बाजार को लेकर बहुत महत्त्वाकांक्षाएं रही हैं और उसी नीति पर लिज ट्रस के आगे बढ़ने की उम्मीद थी। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण आयातक देश है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की अहम भूमिका है। उनसे लाखों रोजगार जुड़े हुए हैं।

उच्च शिक्षा की दृष्टि से भारतीय छात्रों के लिए ब्रिटेन पसंदीदा देश है। जाहिर है, लिज ट्रस इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं थीं, लेकिन उनकी गृहमंत्री की अदूरदर्शिता का परिणाम यह हुआ कि भारतीय समुदाय में कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति नाराजगी बढ़ी और इससे आने वाले आम चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी की सत्ता में वापसी की उम्मीदों को झटका लगा सकता है।

वास्तव में ब्रिटेन की राजनीतिक उथल-पुथल का प्रमुख कारण आप्रवासन से जुड़ी आशंकाएं हैं और उनका राजनीतिक समाधान करना आसान काम नहीं है। करीब पौने सात करोड़ आबादी वाले इस देश में प्रवासियों की संख्या अच्छी-खासी है। ब्रिटिश नागरिक बाहर से आए नागरिकों को लेकर आशंकित रहने लगे हैं। 2011 में ब्रिटेन में जनगणना के आंकड़े आए, तो उस पर भी यहां के परंपरावादी समाज में कड़ी प्रतिक्रिया देखी गई थी।इसके अनुसार ब्रिटेन की जनसंख्या को 6 करोड़ 32 लाख बताया गया था, जिसमें ब्रिटेन के स्थानीय निवासियों का अनुपात 2001 की जनगणना के सतासी फीसद के मुकाबले घट कर अस्सी फीसद बताया गया था। इन आंकड़ों के अनुसार ब्रिटेन के मुख्य प्रांतों इंग्लैंड और वेल्स में हर आठवां व्यक्ति विदेश में जन्मा है। ब्रिटेन के जनसंख्या अनुपात में पिछले दस सालों में आए बदलाव के लिए मुख्य कारण आप्रवासियों का ब्रिटेन आना बताया गया।

दूसरे देशों से ब्रिटेन में आकर बसने वालों की बढ़ती संख्या से स्थानीय लोग प्रसन्न नहीं हैं। ब्रिटिश समाज मुक्त व्यापार के फायदों और अपने देश की आर्थिक प्रगति से ज्यादा आप्रवासन की उन चुनौतियों आशंकित हो गया है, जो पूर्वी यूरोप और गृहयुद्ध से जूझ रहे अरब तथा अफ्रीकी देशों से आ रही हैं।

यहां के निवासियों को लगता है कि यूरोपीय संघ में ज्यादा समय तक बने रहने से न केवल उनका सांस्कृतिक और सामाजिक परिदृश्य बदल जाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के सामने रोजगार और सुरक्षा का संकट भी गहरा सकता है। अब भारत को लेकर भी उनका यह व्यवहार सामने आ रहा है। ब्रिटेन के राजकीय अर्थशास्त्रियों ने ही उदारवादी राजनीतिक अर्थशास्त्र के सिद्धांत गढ़े थे। इनमें एडम स्मिथ, रिकार्डो तथा माल्थस उल्लेखनीय हैं।


इन विद्वानों ने बाजारवादी अर्थव्यवस्था को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए कहा था कि बाजार में मांग और पूर्ति द्वारा एक स्वाभाविक सामंजस्य उत्पन्न हो जाता है तथा मुक्त व्यापार सभी के लिए लाभकारी है। इसके बाद यूरोपीय संघ की नींव राज्यों में आपसी व्यापार बढ़ाने के लिए रखी गई थी। मगर ब्रिटेन स्वयं उससे अलग हो गया।

गौरतलब है कि ब्रिटेन की कंजर्वेटिवपार्टी के भीतर भी यूरोपीय संघ से अलग होने या न होने को लेकर गहरे मतभेद रहे। 2016 से ईयू से अलग होने का ब्रिटेन का आंतरिक राजनीतिक अंतर्द्वंद्व बढ़ता गया, इसके साथ ही देश में बहुमत ईयू से अलग होने की ओर बढ़ता गया। इसका प्रभाव जनता पर पड़ना स्वाभाविक था।यूरोपीय संघ में एकल बाजार सिद्धांत यानी किसी भी तरह का सामान और व्यक्ति बिना किसी कर या बिना किसी रुकावट के कहीं भी आ-जा सकने, बिना रोक-टोक के नौकरी, व्यवसाय तथा स्थायी तौर पर निवास कर सकने की आजादी के फायदे बहुत सारे थे। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अव्वल स्थान पर रहने वाले यूरोपीय संघ को ब्रिटिश अलगाव के बाद नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं ईयू से अलग होने से ब्रिटेन को व्यापारिक रियायतें मिलने का मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

इसका असर ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के साथ राजनीतिक रूप से भी देखने को मिल रहा है। देश में रोजगार के अवसर सीमित होने के साथ महंगाई बढ़ गई है। सरकार को मांग और आपूर्ति में पैदा हुए असंतुलन को दूर कर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें नियंत्रित करना है। कर वृद्धि को लेकर लोग कंजर्वेटिव पार्टी की नीतियों से नाराज हैं। बोरिस जानसन के इस्तीफे का एक प्रमुख कारण यह भी रहा है। सरकार ने दावा किया था कि करों में वृद्धि स्वास्थ्य और सामाजिक देखरेख के क्षेत्र में लगाई जाएगी। मगर विपक्षी लेबर पार्टी ने कहा कि कंजर्वेटिव सरकार द्वारा कामकाजी लोगों पर कर बढ़ाया जाना, दशकों में जीवन-यापन की चुनौतियों के बीच सबसे बुरा दौर है। लिज भी इस खराब दौर से देश को उबारने में नाकामयाब रहीं।वैश्विक सहयोग और विविधता को स्वीकार न कर पाने के चलते उदारवादी लोकतंत्र, ब्रिटेन गहरे संकट में फंसता दिखाई दे रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी का वैश्विक बदलावों के साथ सामंजस्य बिठा पाने में नाकामी अब देश में राजनीतिक अस्थिरता के रूप में सामने आ रही है। और मंदी से परेशान ब्रिटिश जनता देश में मध्यावधि चुनाव भी नहीं चाहती, लेकिन सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के अंतर्द्वंद्व से देश की समस्याओं में इजाफा ही हो रहा है।

## धर्म-कर्म

### दान का फल



ढिंडोरा पीट रहे लोगो की आवाज़ और बाते जब इस लालची और कंजूस आदमी के कानो मे घुसी तो तुरंत भागता हुआ धन की लालच मे राजा के पास पहुँच जाता है और बोलता मैं रात भर कब्र मे लेटने को तैयार हु । फिर राजा ने अपने नौकरो को आदेश दिया इस आदमी के लिए अर्थी सजाई जाए फिर अर्थी सजाई जाती है अब सब लोग उस आदमी को लेकर जाया जाता है रास्ते मे एक भिखारी (यह भिखारी उसी कब्र मे लेटने वाले आदमी का दोस्त होता है) उस आदमी का पीछा करने लगता है उस उस आदमी के पास आता है और बोलता है की तुम तो अब मर जाओगे तुम्हारे पास जो भी धन है मुझे दे दो अब उस धन का क्या होगा

बार बार यही बोल कर वह भिखारी आदमी का दिमाग खाए जा रहा था कंजूस के बार बार मना करने पर भी भिखारी ने उस कंजूस आदमी का पीछा नहीं छोड़ा और बारबार पैसा मांगने की रट लगाए जा रहा था ।आखिर कंजूस जब एकदम परेशान हो गया तो उसने कब्रिस्तान में पड़े बादाम के छिलकों के एक ढेर में से मुट्ठी भर छिलके उठाए और उस फकीर को दे दिए। भिखारी वहाँ से चला गयबाद में कंजूस को एक कब्र में एक मुर्दे के साथ लिटा दिया गया और ऊपर से पूरी कब्र बंद कर दी गई। कब्र मे बस एक छोटा से छेद सिर की तरफ इस आशा के साथ कर दिया गया कि यह इससे सांस लेता रहे और अगली सुबह राजा को मरने के बाद का पूरा हाल सुनाए। सभी लोग कंजूस को उस कब्र में लिटाकर चले गए। रात होने पर एक सांप कब्र पर आया और छेद देखकर उसमें घुसने का प्रयत्न करने लगा। कब्र मे इस प्रकार की हलचल को देख कंजूस समझ गया की यह तो साप है कंजूस घबरा जाता है इधर साप जैसे ही कब्र मे घुसने की कोशिश करता है तो उस कब्र मे बादाम के काफी सारे छिलके साप के रास्ते का एक रुकावट बन कर फस जाते है साफे अब आगे नहीं बढ़ पाता यानि कब्र के अंदर नहीं घुस पाता साप बौट प्रयत्न के बाद जब वापिस चला जाता है तो कंजूस आदमी राहत की सास लेता है तभी कंजूस आदमी यह सोचता है की साप अंदर क्यो नहीं आ सका कंजूस आदमी अपना हाथ से टटोलता है तो उसे बादाम के बहुत सारे छिलके फसे हुए मिलते है उसी समय कंजूस आदमी का दिमाग चकरा जाता है इसी छिलको की वजह से आज मेरी जान बची है शायद यह मेरे उस दान का परिणाम है जो मैंने उस भिखारी को दिये थे7 अब कंजूस आदमी समझ जाता है की दान की वजह से मै बच गया जान है जहान है अब सुबह होते ही राजा के सभी नौकर बड़ी जिज्ञासा के साथ कब्रिस्तान आए और जल्दी ही कब्र को खोदकर कंजूस को निकाला। मरने के बाद क्या होता है, यह हाल सुनाने के लिए कंजूस को राजा के पास चलने को कहा। कंजूस ने राजा के नौकरों की बात को अनसुना कर दिया और तुरंत भाग कर फले अपने घर गया।

# साइबर ठगों का जाल



साइबर अपराध के शिकार व्यक्ति या पुलिस के लिए अपराधी तक पहुंचना और लूटे गए पैसे को अपराधी से वसूल कर पाना बहुत ही मुश्किल होता है। इसकी बड़ी वजह है कि आर्थिक साइबर अपराधों से निपटने का तंत्र दुरुस्त नहीं है।

मध्यम वर्ग और उच्च वर्ग की आबादी में गिने-चुने लोग ही ऐसे हैं जिनके पास मोबाइल फोन नहीं है और जिनके पास हैं, उनमें से बहुत कम ऐसे लोग होंगे जिन तक पहुंचने की कोशिश साइबर अपराधियों ने न की हो। इन्हीं में से कुछ न कुछ इन अपराधियों की चालों का शिकार हो बन जाते हैं। विगत करीब एक दशक में अपराधों की दुनिया में साइबर अपराधों की एक नई दुनिया खड़ी हो गई है। दुनिया की बात तो अलग, अकेले भारत में ही रोजाना हजारों लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं।

अपने घर में बैठे हम सबसे अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं, पर साइबर अपराधी सुरक्षा के इस आश्वासन को झुठलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। निस्संदेह मोबाइल फोन एक बहुपयोगी साधन के रूप में आज हर हाथ में है, पर इसे लेकर थोड़ी-सी भी असावधानी हमें खतरे में डाल देती है। किसी के फोन पर एक संदेश आता है या घंटी बजती है, लिखित या मौखिक संवाद शुरू होता है और फिर पता चलता है कि उसके बैंक खाते से पैसे निकल गए। ऐसी धोखाधड़ी की ऐसी घटनाएं डेस्कटाप या लैपटाप पर भी हो जाती हैं। हालत यह है कि देश-दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों ने सबकी नींद उड़ा दी है।

आर्थिक साइबर अपराध के बढ़ने के पीछे कई कारण हैं। अधिकांश मामलों में अपराधी को इस तरह की धोखाधड़ी करने के लिए कहीं आने-जाने की जरूरत नहीं होती। दुनिया के किसी भी कोने से इस ठगी को अंजाम दिया जा सकता है। अगर किसी चोर को चोरी करनी है तो उसे हर बार नए ठिकाने का जायजा लेना होता है और अलग रणनीति बनानी पड़ती है। साइबर ठगी के लिए इन सबकी जरूरत नहीं है, न ही इसके लिए तरकीबों को बार-बार बदलना पड़ता है। ठगी के विभिन्न तरीकों में से एक या अधिक को बार-बार अलग-अलग लोगों पर आजमाया जा सकता है। कुछ कोशिशें नाकाम होती हैं तो कुछ में अपराधी निर्दोष लोगों का पैसा हड़पने में कामयाब भी हो जाते हैं।

वित्त की दुनिया के डिजिटलीकरण के साथ ही ठगी करने वालों ने नए-नए तरीके निकाल लिए हैं। भौतिक रूप में नकदी का लेनदेन कम होता जा रहा है और इसकी जगह इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण ने ली है। लोग मोबाइल वालेट का बढ़-चढ़ कर उपयोग कर रहे हैं। इन सबसे आम लोगों के लिए खरीद-फरोख्त करना, पैसा भेजना और मंगाना आसान हुआ है। लेकिन इसके साथ ही साइबर ठगों की भी मौज हो गई है। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि साइबर अपराध के शिकार व्यक्ति या पुलिस के लिए अपराधी तक पहुंचना और लूटे गए पैसे को अपराधी से वसूल कर पाना बहुत ही मुश्किल होता है। इसकी बड़ी वजह है कि आर्थिक साइबर अपराधों से निपटने की तंत्र दुरुस्त नहीं है।

बैंक ग्राहकों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से ही बैंकों ने 'अपने ग्राहक को जानने' की कवायद शुरू की थी जो केवाईसी के नाम से प्रचलित है। केवाईसी बैंकों और उनके ग्राहकों दोनों के भले के लिए है। पर साइबर ठगों ने यहां भी तोड़ निकाल लिया और केवाईसी अद्यतन करने को ठगी का जरिया बना लिया। बैंक का प्रतिनिधि बन कर ये ठग लोगों को फोन कर बताते हैं कि केवाईसी अद्यतन नहीं होने के कारण उनका खाता अथवा कार्ड बंद होने जा रहा है, ग्राहक की मनःस्थिति को भांपते हुए ये खाते अथवा कार्ड का ब्योरा लेकर उसका पैसा उड़ा लेते हैं। अब तो फेसबुक के जरिए भी आर्थिक साइबर धोखाधड़ी जोरों पर है। यहां प्रोफाइल चुन कर लोगों को दोस्ती या शादी के प्रस्ताव भेजे जाते हैं। फिर उन्हें बताया जाता है कि उनके लिए उपहार भेजा गया है। बाद में कोई कस्टम अधिकारी बन कर फोन करता है कि कस्टम ड्यूटी या जुर्माने के रुप में अमुक रकम अमुक खाते में जमा करा दें। या जहां दो फेसबुकियों जिनमें से एक वस्तुतः साइबर ठग होता है, के बीच बात प्यार व शादी तक आ गई हो, ठग अपनी तथाकथित वित्तीय मुश्किलों का हवाला देकर पैसा मांगते जाते हैं। इसके अलावा लोगों को नौकरी और घर से काम का प्रस्ताव देने के बहाने भी आनलाइन रकम वसूली जा रही है, वह भी एक-एक

## बात ज्ञान की

**इमाम ग़ज़ाली रजिश ने फ़रमाया है कि एक खता ऐसा भी है कि जिस की सज़ा आख़िरत में तो मिलेगी ही और दुनिया में भी मिलती है और वो वालिद वालिदैन की नाफरमानी है और एक नेकी ऐसी भी है जिसकी जज़ा आख़िरत में तो है ही उसका सिला दुनिया में भी मिलता है**

## मजहब-ए-इस्लाम

### शादी का बुनियादी तात्पर्य संभोग-

जवानी में क़दम रखने के बाद प्राकृतिक रूप से प्रत्येक नौजवान मर्द और औरत को अपनी नई ज़िन्दगी का आरम्भ करने के लिए एक अच्छे साथी की तलाश होती है और यह तलाश औरत के मुक़ाबले में मर्द को ज़्यादा होती है। क्योंकि उसे अपनी सेक्सी इच्छा की पूर्ति के साथ-साथ अपने नाम व निशान अर्थात नस्ल को बाक़ी रखने के लिए औलाद की ख्वाहिश होती है जिसका पूरा होना औरत के बिना सम्भव नही है ------ मर्द को औरत की तलाश इसलिए भी होती है कि वह प्राकृतिक तौर पर औरत की सरपरस्ती (देख-भाल, पालन-पोषण) करना चाहता है और औरत इसलिए मर्द का साथ इख्तियार कर लेती है कि वह प्राकृतिक तौर पर मर्द की सरपरस्ती (अभीभावकता) को क़ुबूल करना चाहती है ------ प्राकृतिक तौर पर मर्द और औरत एक दूसरे की इच्छा इसलिए भी करते हैं कि दोनों मिलकर एक घर को बसा सकें और घरेलू जीवन (अर्थात जोड़ा बनाकर जीवन) व्यतीत कर सकें। घरेलू जीवन व्यतीत करने की यह प्राकृतिक इच्छा मनुष्यों के अलावा कुछ पशु-पक्षियों (जैसे शेर-शेरनी, कबूतर-कबूतरी, चिड़िया-चिडढ़ा आदि) में भी पाई जाती है जो जोड़ा बनाकर ही जीवन व्यतीत करते हैं ------ क़ुदरती और प्राकृतिक तौर पर इन जोड़ो में मादा, नर की सेक्सी इच्छा की पूर्ति के साथ-साथ औलाद देने की ज़िम्मेदारी भी निभाती है और नर प्राकृतिक इच्छा की पूर्ति के साथ-साथ घर (अर्थात मादा और बच्चों) की हिफ़ाज़त की ज़िम्मेदारी निभाता है।

यह बात देखने में आती है कि इस तरह घरेलू जीवन व्यतीत करने के लिए जोडा बनाने (मुख्य रूप से कबूतर को देखा जा सकता है जो कबूतरी से कोशिश के साथ जोड़ा बनाता है) घर बसाने और घर की हिफ़ाज़त (देखरेख) करने का पूरा रोल नर ही अदा करता है। जो मनुष्य में भी पाया जाता है। चूँकि क़ुदरती और प्राकृतिक मर्द जोड़ा बनाने, घर बसाने और औलाद की इच्छा के लिए हमेशा एक अच्छी (न कि बुरी) औरत की तलाश करता रहता है। इसीलिए इमाम-ए-जाफर-ए-सादिक़ (अ.) ने हर मर्द को प्राकृतिक तौर पर औरत का ख्याल आने और शादी का इरादः करने पर दो रकअत नमाज़ पढ़ने, खुदा की तारीफ करने और निम्नलिखित दुआ पढ़ने की शीक्षा दी है: अल्लाहुम्मा इन्नी ओरीदो अनअताज़्व्वजा फकददिर ली मिनन निसाऐअअफ़्फहुन्ना फरजाँव व अहफज़ुन्ना ली फी नफसेहा व माली वऔसअहुन्ना ली रिज़्कन व अअज़्माहुन्ना ली बरकतन फी नफ़्सेहा व माली इन्नी अतरोको फकददिर ली मिनहा वलादन तय्येबन तजअलोहू खलाफन सालेहन फी हयाती व बअदा मौती। (123)

(अर्थात) ए अल्लाह- मेरा इरादः है कि मै निकाह कँरू, तू मेरे लिए औरतों मे से ऐसी औरत मेरे भाग्य में लिख जो पर्हेज़गारी में सब से बढ़ी हूई हो और मेरे लिए अपने नफ़्स (आत्मा) और मेरे माल की सबसे ज़्यादा हिफाज़त (सुरक्षा) करने वाली हो और मेरे लिए रिज़्क (रोज़ी) की बढ़ोतरी के हिसाब से सब से ज़्यादा नसीब वाली हो और इसी तरह बरकत (लाभ) में भी मेरे लिए सबसे बढ़ी हो।

## कहानी बच्चों की

### गोलू और परी

गोलू, एक ऐसा बच्चा जो न पढ़ने में तेज था और न ही उसमें कोई संस्कार थे। गोलू पहली क्लास में पढता था। न वह सुबह समय से उठता न अपना सामान सही स्थान पर रखता और न ही अपना काम समय पर करता था।उसके घर वाले व् अध्यापक उसे समझा-समझा कर थक गए थे लेकिन उसके कान पर जूं तक नहीं रेंगती थी। कई बार तो उसे स्कूल में होमवर्क न करने के लिए सजा भी दी गयी थी। पर ये सजा उसके लिए सजा नहीं बल्कि क्लास से बहार रहने का एक बेहतरीन मौका था।

गोलू कि अपनी दादी के साथ बहुत बनती थी और उसके माँ-बाप का मानना था कि गोलू के बिगड़ने के पीछे उन्हीं का हाथ है। मगर दादी तो गोलू को अच्छी बातें ही सिखाती थी। उसे परियों की कहानियां सुनाती थीं। जिन्हें सुनते ही गोलू मीठी-मीठी



नींद में सो जाता था।

एक रात इसी तरह परियों की कहानी सुनते हुए गोलू सो गया। नींद में ही वह तारों के बीच में घूम रहा था कि अचानक उसे एक परी दिखाई दी। वो उड़ते हुए गोलू के पास आई और बोली,卐कैसे हो गोलू ?卐 गोलू परी को देख कर बहुत खुश हुआ और बोला,तुम वही परी हो जिसकी दादी मुझे कहानी सुनाती हैं।

परी ने जवाब दिया,हाँ मैं वही हूँ। लेकिन मुझे अब जाना होगा क्योंकि मैं तुम्हारे पास ज्यादा देर नहीं ठहर सकती।

क्यों ? गोलू ने उदास होते हुए पूछा। तब परी ने उसे बताया कि उन्हें उन बच्चों के पास रुकने कि इजाजत नहीं है जो सबको परेशान करते हैं और अपना काम सही समय पर नहीं करते। यह सुन गोलू और भी उदास हो गया लेकिन जैसा कि उसकी आदत थी । उसने झूठ बोला कि,卐 मैं कहाँ किसी को परेशान करता हूँ। मैं तो बहुत अच्छा लड़का हूँ।

परी को पता था कि गोलू झूठ बोल रहा था। तब परी ने कहा,卐आओ गोलू आज मैं तुम्हें कुछ दिखाती हूँ। इतना सुन गोलू ये जान्ने के लिए उत्सुक हो गया कि परी उसे क्या दिखाने वाली है। परी उसे सबसे पहले उसकी टीचर के घर ले गयी। जहाँ पर उसकी टीचर अपने घर वालों से गोलू कि बुराई कर रही थी कि उसकी क्लास में एक लड़का है जो बहुत बुरा है न वो अपना काम समय पर करता है और न ही उसका व्यव्हार सही है।

# नगर पालिका चुनाव नजदीक, नेता सक्रिय

मोहम्मद आजाद/याकूब मलिक

**दादरी।** नगरपालिका चुनाव को लेकर रोज नए नाम सामने आ रहे है। सभी पार्टियों के नेताओं ने अपनी पार्टियों के साथ-साथ जनता के बीच भी धमाचौकड़ी मचा रखी है। बिना मौसम बरसात की तरह नेताओं ने मतदाताओं के यहां आना जाना शुरू कर दिया है। यह बात दीगर है कि विधायक और सांसद इस चुनाव को लेकर अभी कोईरूचि नहीं दिखा रहे है।

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया सुश्री मायावती का यह गृह क्षेत्र है। इसलिए यहां लोगों में चेयरमैन बनने के लिए कुछ ज्यादा ही मारामारी है। बसपा में दो और नए नाम सामने आए हैं।

नगरपालिका निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार की दौड़ में बसपा से राव रविन्द्र भाटी भी पूरी तैयारी के साथ मैदान में डटकर अपनी उपस्तिथि दर्ज करते दिख रहे हैं।राव रविन्द्र भाटी का कहना है कि मैं बसपा का सिपाही हूँ।पार्टी के लिए पूरी तरह से समर्पित हूँ। नगरपालिका निकाय चुनाव में बसपा इस बार अपना परचम जरूर लहरायेगी।जनता की सेवा के लिए हमेशा आगे आकर उनकी समस्याओं का समाधान करने हरसम्भव प्रयास करूँगा।



नगरपालिका निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिये बसपा से दूसरे मजबूत दावेदार चंचल भाटी भी चुनाव मैदान में ताल ठोकने को बेताब हैं।नगरपालिका का अनुभव भी इनके काम आएगा क्योंकि अब से पहले चंचल भाटी सभासद रहकर जनता की सेवा कर चुके हैं।चंचल भाटी का कहना है कि अगर जनता का प्यार मिला तो दादरी के विकास लिये जी जान से पूरी मेहनत के साथ जनता के साथ खड़ा नजर आऊँगा।



भाजपा की तरफ से वर्तमान चेयरपर्सन गीता पंडित पूरी तरह से पैर जमाए हुए है। वर्तमान में नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित का दावा बहुत मजबूत है।दादरी के विकास को देखते हुए पार्टी गीता पंडित के विकल्प के रूप में बदलाव शायद ही करे।जनता भी चाहती है कि गीता पंडित ही अध्यक्ष पद के लिये सही हैं।अब यह पार्टी पर निर्भर है कि अगला उम्मीदवार कौन होगा।पिछली योजना में जिस तरह पार्टी ने नगरपालिका निकाय चुनाव में ता ?त लगाई थी। इस बार भी टक्कर कांटे की होगी।



वहीं सपा के लिये राव संजय भाटी का टिकिट लगभग तय है। गुर्जर समाज मे मजबूत पकड़ को देखते हुए पार्टी इन पर दांव खेलने को तैयार दिख रही है। राव संजय भाटी काफी समय से जनता के बीच मे कार्य कर रहे हैं। राजनीति का अनुभव भी इनके काम आएगा।



पेशे से वकील राव संजय भाटी शहर के पुराने राजनीतिक पृष्ठ भूमि वाले परिवार से आते हैं। उनके परिवार का लंबे समय से दबदबा रहा है। वे खुद भी काफी व्यहवारिक है इसलिए जनता के बीच अपनी जगह बना रखी है।

## मार्च 2023 तक बन जाएगा एयरपोर्ट

**अयोध्या।** राम नगरी को नव्य और भव्य अयोध्या बनाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए तमाम प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इनमें से कुछ पूरे हो चुके हैं, कुछ में कसर बाकी है। सबसे ब ?ा काम यातायात की सुविधाओं को लेकर किया जा रहा है। रोड चौड़ी की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का भी निर्माण कार्य चल रहा है। जो 2023 में पूरा होगा। अयोध्या धाम बस स्टेशन को भव्य रूप दिया जा चुका है। यहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। इसी क्रम में करीब 240 करोड़ की लागत से अयोध्या रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाया जा रहा है।



**सैफई ।** नेताजी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव से चर्चा करते पार्टी के सचिव और वरिष्ठ नेता मौलाना जावेद आब्दी। **( छाया : जय हिन्द संवाद )**

# मिलावटी मिठाई के सेवन से खराब हो सकती हैं सेहत: डी.के. गुप्ता

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** त्योहार के मद्देनजर दुकानों पर रंगीन मिठाई बनाने का काम तेजी से चल रहा है। तमाम ऐसी दुकानें हैं जो सिर्फ त्योहार पर ही खुलती हैं। दुकानों पर बिकने वाली यहीं रंग-बिरंगी मिठाइयां बीमारियों को दावत दे रही हैं। फेलिक्स अस्पताल के सीएमडी एवं डॉ वीके गुप्ता ने बताया कि ज्यादातर दुकानों में मिलावटी और दूषित खोया से बनी मिठाइयों की बिक्री हो रही है। इसलिए सावधान रहने की जरूरत है।



मिठाई की बात करें तो इसमें घटिया खोये का इस्तेमाल किया जाता है। कई दिनों के रखे हुए खोये को गरम कर उसे ताजा बनकर बेच दिया जाता है। इसलिए जरूरी है कि जांच परख कर ही खाद्य पदार्थ खरीदें। दीपावली से पहले मिलावटखोरी का धंधा ध ?ल्ले से चल रहा है। उन्होंने बताया कि खोया को ही लीजिए, इसे अच्छा दिखाने तथा महक के लिए कई तरह के केमिकल का उपयोग होता है, जो शरीर के लिए हानिकारक हैं। दुकानों पर चांदी की तर्ज पर एल्यूमीनियम की वर्क चढ़ाकर मिठाई बेची जा रही हैं। यह वर्क सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। अंगुली में रगड़ने पर छाप छोड़ने से इसकी पहचान की जा सकती है। अंगुली रगड़ने पर वर्क गायब हो जाती है। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर स्वयं व चहेतों को ज्यादा रंगीन मिठाई कदापि न दें। साथ ही मिठाई कब की बनी है और कब तक इसका सेवन किया जा सकता है यह जरूर ध्यान दें।



**सिद्धार्थनगर ।** शौहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आई बाढ़ में जनजीवन ठप्प कर दिया है। ऐसे में विधायक विनय वर्मा अपने पूरे लाव लश्कर के साथ लोगों की मदद में जुटे है। **( छाया : जय हिन्द संवाद )**

# जन सुविधा केंद्र खोलने के नाम पर ठगी करने वाली फर्जी कंपनी भंडाफोड़

### सात गिरफ्तार, चार लाख रुपये, सात कंप्यूटर, सात मोबाइल बरामद

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने सेक्टर 63 के एच25 में फर्जी कंपनी खोलकर लोगों को जन सुविधा केंद्र खोलने के नाम पर तथा सर्विस देने के नाम पर उनसे ठगी करने वाले सात जालसाज को गिरफ्तार किया है।

उनके पास से सात मोबाइल, फोन सात कंप्यूटर एवं चार लाख रुपए नगद बरामद किए हैं।

एसीपी अब्दुल कादिर ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सेक्टर 63 के थाना प्रभारी अमित कुमार मान और उनकी टीम ने एक ऐसी कंपनी का भंडाफो ? किया है ।जो फर्जी कंपनी चला रहे थे और जन सुविधा केंद्र खोलने और सर्विस देने के नाम पर भोले भाले लोगों से ठगी कर रहे थे। उन्होंने पकडे गए अभियुक्तों के नाम ईसत खान आलम पुत्र अहमद निवासी गौर सिटी ग्रेटर नोएडा ,नावेद अहमद पुत्र शमीम अहमद निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली, अतीक कुमार रहमान पुत्र शमीम अहमद निवासी उपरोक्त, वैभव पुत्र बृजेश निवासी उपरोक्त ,अर्पित पुत्र अश्वनी निवासी निराला स्टेट बिसरख ,धीरज पुत्र प्यारेलाल निवासी सैदपुर जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश, उजमा खान पुत्र नाजिम इकबाल गौर सिटी ग्रेटर नोएडा बताए।



उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी अभियुक्त लोगों को फर्जी कॉल सेंटर खोलकर जन सुविधा केंद्र खोलने तथा सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे । पकड़े गए अभियुक्तों ने कई लोगों के साथ ठगी करना स्वीकार किया है।

# फर्जी कॉल सेंटरों का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

### 11 लैपटॉप, सात सीपीयू, 21 मोबाइल, 22 एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड बरामद

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** थाना फैस- 3 पुलिस ने ऐसे गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो सेक्टर 63 में तीन फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे और प्रत्येक कॉल सेंटर से एक दिन में 1 से 2 लाख रुपए अवैध रूप से कमा रहे थे।

साथ ही ओयो होटल में लोगों की आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने का भी धंधा कर रहे थे। इनके दो साथी पुलिस की पक ? से बाहर हैं। पुलिस ने इनके पास से 11 लैपटॉप, 7 सीपीयू, 21 मोबाइल फोन ,22 एटीएम कार्ड आदि सामान बरामद किया है।

एडिशनल डीसीपी सेंट्रल साद मियां खान ने बताया कि थाना फैस 3 के थाना प्रभारी विजय कुमार गौतम एवं उनकी टीम ने एक मुकदमे के आधार पर गढ़ी चौखंडी के पास से विष्णु सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी गढ़ी चौखंडी, वहाब पुत्र मोहम्मद जिलानी अंसारी तथा पंकज कुमार पुत्र अनुज कुमार निवासी अलीपुर गोंडा हाल पता छिजारसी, अनुराग सिंह पुत्र विपिन कुमार को गिरफ्तार किया। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए विष्णु एवं अब्दुल वहाब द्वारा एक ओयो होटल में युवक-युवती की आपत्तिजनक अश्लील वीडियो फोल्डर कैमरे में लगाकर योजनाबद्ध तरीके से बना कर ब्लैकमेल करने एवं के मिलने जुलने वालों को वीडियो वायरल कर अवैध पैसे की मांग की, पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी देने आदि का मुकदमा दर्ज कराया गया।



साथ ही अभियुक्त पंकज द्वारा विष्णु व अब्दुल वहाब द्वारा रंगदारी का अकाउंट से पैसा लेने के लिए दूसरे लोगों के साथ रजिस्टर्ड सिम, व बैंक खाता उपलब्ध कराने का गोरख धंधा कर रहे थे। इनमें पंकज व उसका साथी सौरभ मौके से फरार हो गया।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि इनके लगभग 8 कॉल सेंटर फर्जी चल रहे हैं, जिनमें सेक्टर 62 में अकेले तीन कॉल सेंटर चलाए जा रहे थे और एक कॉल सेंटर से प्रतिदिन 1 से 2 लाख रुपए की अवैध कमाई कर रहे थे। पुलिस इनके बैंक खातों की भी जानकारी उपलब्ध करा रही है।

# आजमगढ़ में युवक की गोली मारकर हत्या

### जमीन विवाद में पट्टीदारों पर मर्डर का आरोप, 3 नामजद पर मुकदमा

जय हिन्द संवाद

**आजमगढ़।** देर रात युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर स्क्र सिटी शैलेंद्र लाल सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। हत्या की वजह जमीन का विवाद बताया जा रहा है।



### बाजार से लौटते समय मारी गोली

निजामाबाद थाना क्षेत्र के तोवां गांव निवासी राहुल यादव (25) देर रात सरायमीर बाजार में खरीदारी करने गया था। घर लौटते समय गांव के पास कुछ लोगों ने राहुल की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि युवक खून से लथपथ पड़ा था।

लोगों ने पुलिस के साथ एंबुलेंस को सूचना दी। जब तक एंबुलेंस मौके पर पहुंची, युवक की मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक का अपने पट्टीदारों से जमीन का विवाद चल रहा था। पुलिस ने देर रात ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

आजमगढ़ में युवक की हत्या के मामले में एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने कहा कि तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है। आजमगढ़ में युवक की हत्या के मामले में एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने कहा कि तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है।

### चाचा ने दर्ज कराया 3 आरोपियों पर मुकदमा

मृतक के चाचा रूदल यादव ने देर रात ही निजामाबाद थाने में अपने तीन पट्टीदारों पर मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक राहुल यादव के चाचा रूदल यादव ने सूबेदार यादव, हीरा यादव और मनोज यादव के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल का कहना है कि जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## 'निर्भया' कांड निकला फर्जी : प्रॉपर्टी के चलते लड़की ने रची झूठी साजिश

जय हिन्द संवाद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से इस समय की बड़ी खबर सामने आ रही है। करीब 3 दिनों पहले उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक लड़की के साथ निर्भया की तरफ कांड करने का मामला सामने आया था।

बताया जा रहा था कि गाजियाबाद में एक लड़की के साथ 5 लड़कों ने गैंगरेप किया है। इतना ही नहीं लड़कों ने युवती के प्राइवेट पार्ट में रोड भी घुसा दी थी। इस मामले में गाजियाबाद पुलिस ने काफी गंभीरता से जांच पड़ताल की तो सच सामने आ गया। लड़की ने प्रॉपर्टी के चलते गैंगरेप की झूठी साजिश रची। लड़की के साथ किसी भी तरीके का कोई अपराध नहीं हुआ है। लड़की ने सभी पांचों लड़कों को फंसाने के लिए अपने साथ गैंगरेप की झूठी साजिश रची थी। इस मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मामले का खुलासा करते हुए मेरठ आईजी रेंज ने कहा है कि जिस लड़की ने लड़कों को फंसाने के लिए अपने साथ गैंगरेप की झूठी साजिश रची है। उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। गाजियाबाद पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि लड़की बार-बार अपने बयान बदल रही थी। जिसकी वजह से पुलिस को शंका हुई कि लड़की गलत बता रही है।

# 6 साल बाद इंग्लैंड-अफगानिस्तान मुकाबला

**पर्थ।** टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-12 राउंड का दूसरा मैच शनिवार को इंग्लैंड-अफगानिस्तान के बीच पर्थ के वाका ग्राउंड पर खेला जाएगा। ग्रुप-1 के इस मैच में कागज पर इंग्लैंड की टीम ज्यादा दमदार नजर आ रही है। हालांकि, अफगानिस्तान की टीम अपने दिन किसी भी प्रतिद्वंद्वी को उलटफेर का शिकार बना सकती है। दोनों टीमें 6 साल के बाद टी-20 फॉर्मेट में एक-दूसरे के सामने हो रही हैं। इससे पहले इनके बीच आखिरी मुकाबला 2016 में हुआ था। इस स्टोरी में हम वेदर कंडीशन, पिच रिपोर्ट और दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 जानेंगे। सबसे पहले पिछले वर्ल्ड कप के बाद इंग्लिश बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर नजर डालते हैं-
इंग्लैंड की टीम को वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले गेंदबाजी के मोर्चे पर तगड़ा झटका लगा है। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से इंग्लिश टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज रीस टोपली चोटिल होने की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। वे नई गेंद के साथ-साथ डेथ ओवर्स में भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। बल्लेबाजी में लियाम लिविंगस्टन की चोट भी चिंता का कारण है। अगर वे फिट हो जाते हैं तो प्लेइंग-11 में हैरी ब्रूक के ऊपर उन्हें तवज्जो दी जा सकती है। अब नजर डालिए टॉप-1 विकेट टेकर्स पर...




### गुरबाज की चोट पर रहेगी नजर

अफगानिस्तान की टीम भी चोट की समस्या से जूझ रही है। टीम के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को पाकिस्तान के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर चोट लग गई थी। गेंद उनके पैर के अंगूठे पर लगी थी। अच्छी खबर यह है कि गुरजाब का अंगूठा टूटा नहीं है। हालांकि, वे मैच में खेलेंगे या नहीं इस पर आखिरी फैसला मुकाबले से एक घंटा पहले ही लिया जाएगा। अब अफगानिस्तान के टॉप-3 स्कोरर...

### आसमान साफ, पिच रनों से भरपूर

मैच के दौरान आसमान साफ रहने की उम्मीद है। यहां ऑस्ट्रेलिया की अन्य पिचों की तुलना में ज्यादा उछाल है, लेकिन साथ ही रन भी खूब बनते हैं। यहां का सबसे बड़ा स्कोर 186 रन और सबसे कम स्कोर 132 रन है। अब देखिए अफगानी गेंदबाजों का प्रदर्शन... इंग्लैंड: जोस बटलर (कप्तान), एलेक्स हेल्स, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, लियाम लिविंगस्टन, मोइन अली, सैम करन, क्रिस वोक्स, क्रिस जॉर्डन, आदिल राशिद और मार्क वुड।

अफगानिस्तान: हजरतुल्लाह जजई, रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, दारविश रसूली, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद नबी (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमारजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजलहक फारुकी।

# दीपोत्सव पर नया इतिहास रचेगा अयोध्या

## आज 37 घाटों पर सजेंगे 17 लाख दीपक

अयोध्या एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार है। यहां दीपोत्सव के जरिए दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए तैयारियां अंतिम दौर में हैं। 23 अक्टूबर को होने वाले 6ठे दीपोत्सव के लिए राम की पैढी घाट पर दीप लगाने का काम शुक्रवार से शुरू हो गया। इस दीपोत्सव को दिव्य और भव्य बनाने में हर कोई जुटा है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दीपोत्सव में शामिल होने के लिए अयोध्या आ रहे हैं। पीएम करीब तीन घंटा अयोध्या में ही बिताएंगे।

अयोध्या की सौंदर्यीकरण में कोई कोर-कसर न बाकी रहे, इसके लिए प्रशासन युद्धस्तर पर तैयारियां कर रहा है। सरयू नदी के तट पर रेत पर रामायण कालीन सुंदर आकृतियां भी उकेरी जा रही हैं। इसके साथ ही विश्व फलक पर अयोध्या के दीपोत्सव की गूंज एक बार फिर बडे पैमाने पर गूंजेगी।



**घाटों पर आज सजाए जाएंगे 17 लाख दीप**

छोटी दीपावली पर दीपोत्सव होगा। इसे यादगार बनाने के लिए 22 अक्टूबर की दोपहर तक सभी घाटों पर 17 लाख दीप सज जाएंगे। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि दीपोत्सव को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए सभी लोग एकजुट होकर प्रयास कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी के स्वयंसेवकों ने 37 घाटों पर दीपों को सजाने का काम शुरू कर दिया गया है।

**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड की टीम आज दीपों की गणना करेगी**

आज ही गिनीज बुक की टीम लगाए गए दीपों की गणना करेगी। यह काम घाट समन्वयकों और ग्रुप लीडर की उपस्थिति में किए जाएंगे। नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह ने बताया कि 23 अक्टूबर को यूपी सरकार के दिए गए 15 लाख दीपों के जलाने का लक्ष्य बहुत आसानी से पूरा करेंगे। इसके लिए स्वयंसेवक 17 लाख दीपों को लगाएंगे और जलाएंगे। फिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करेंगे।

**अयोध्या दीपोत्सव में रेत पर जीवंत होंगे रामायण कालीन प्रसंग**

अयोध्या में रेत पर रामायण कालीन चरित्रों को उकेरा जा रहा है। रेत से उकेरी जा रही आकृतियों के बारे में रूपेश सिंह ने बताया कि उन्होंने यहां रामायण सीरीज के आधार पर काम किया है। इसमें सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी, फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कृति उकेरी जाएगी। इसके बाद भगवान राम के लंका विजय के बाद अयोध्या आगमन के समय से विभिन्न प्रसंगों को दिखाया जाएगा।

**अयोध्या में दीपोत्सव के प्रसंगों का चित्रण किया जाएगा**

उकेरी जा रही कलाकृतियों के क्रम में सबसे पहले भगवान राम के पुष्पक विमान से आगमन, इसके बाद केवट अनुराग का प्रसंग, उसके बाद भरत मिलाप और चरण वंदना के माध्यम से चरित्रों को कृति के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। इसी क्रम में भगवान राम के अयोध्या आगमन प्रजा की महिलाओं द्वारा ढिंढोरा पिटवाना, माताओं द्वारा आरती उतारने के बाद राम दरबार की झांकी और अयोध्या में दीपोत्सव के प्रसंगों का चित्रण किया जाएगा।

**भगवान राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंगों पर निकलेंगी झांकियां**

योगी सरकार दीपोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारी कर चुकी है। यहां निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा की तैयारी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव के दिन साकेत महाविद्यालय से शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नया घाट चौराहे तक जाएगी। पिछली बार जहां 11 झांकियां निकाली गई थीं, वहीं इस बार 16 झांकियां निकाली जाएंगी। इन झांकियों में राम जन्मभूमि मॉडल, काशी कॉरिडोर, विजन 2047, 1090 तथा भगवान राम के जन्मकाल से लेकर राज्याभिषेक तक की यात्रा रहेगी।

**16 रथ पर सवार होंगे कलाकार**

दीपोत्सव में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रामायण कालीन शिक्षा पर आधारित सामाजिक संदेश देने वाली झांकी होगी। नगर भ्रमण करने वाली झांकियों से संबंधित कलाकार 16 रथ पर सवार होंगे। ये अपनी कला के जरिए रामायण कालीन दृश्यों को जीवंत करेंगे। इसके अलावा पूरे देश के विभिन्न जगहों के कलाकार रथ के आसपास नृत्य करते चलेंगे। इस बार 11 झांकियां सूचना विभाग की ओर से निकलेंगी। 5 झांकियां डिजिटल होंगी, जो पर्यटन विभाग की ओर से खुले ट्रकों पर निकाली जाएंगी। यह रामायण कालीन दृश्यों पर आधारित होंगी, जिसमें राम मंदिर का मॉडल और 2047 अयोध्या के विकास का मॉडल पेश किया जाएगा।

**राम की अयोध्या में दीपोत्सव पर होंगे ब्रज के लोकनृत्य**

इस बार अयोध्या में आस्था और अध्यात्म के संगम के बीच योगी सरकार लोकगीतों, वाद्ययंत्रों के बीच प्रचार-प्रसार भी करेगी। विलुप्त होने के कगार पर पहुंचे ग्रामीण परिवेश के धोबिया, फरुआही नृत्य के कलाकारों को भी सरकार ने दीपोत्सव जैसा अविस्मरणीय मंच दिया जाएगा। यहां 21 से 23 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश व कई राज्यों के कलाकार प्रस्तुति देंगे।

स्थानीय कलाकार विजय यादव और मुकेश कुमार फरुआही नृत्य करेंगे तो आजमग? के मुन्नालाल यादव धोबिया नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। गाजीपुर के कलाकार पारसनाथ यादव अयोध्या के मंच पर लोकगायन की प्रस्तुति देंगे। बिरहा सुनने का अवसर भी अयोध्यावासियों को मिलेगा। भदोही के शेषमणि सरोज अपने बिरहा से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। झांसी के रणसिंघा विधा की महक प्रशांत आर्या बिखेरेंगे।

**कई प्रांतों के कलाकार भी अपनी संस्कृति से कराएंगे रूबरू**

योगी सरकार ने जहां उत्तर प्रदेश के कई कलाकारों और विधा को मंच दिया है, वहीं अन्य प्रांतों की संस्कृति को भी अवध की धरती पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया है। हरियाणा के महावीर सिंह गुड्डू वहां के लोकगीत और नृत्य से परिचित कराएंगे, तो झारखंड के सृष्टि धर महतो छाऊ नृत्य के जरिए अपने प्रदेश की सांस्कृतिक झलक दिखाएंगे। मुंबई की प्रीत प्रेरणा के भजन भी सांस्कृतिक मंच पर भगवान राम के श्री चरणों में अपनी हाजिरी लगाएंगे। नई दिल्ली की कथक कलाकार अरूपा लहरी की भी प्रस्तुति होगी। गुजरात सरकार के संस्कृति मंत्रालय की तरफ से भी लोक नृत्य का आयोजन होगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपोत्सव का शुभारंभ करेंगे**

दीपावली की पूर्व संध्या पर 23 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में दीपोत्सव का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी शाम करीब 5 बजे भगवान श्री रामलला विराजमान के दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र स्थल का निरीक्षण करेंगे। इस साल दीपोत्सव का छठा संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यह पहली बार है कि प्रधानमंत्री समारोह में व्यक्तिगत रूप से हिस्सा लेंगे।

प्रधानमंत्री शाम करीब 5:45 बजे प्रतीकात्मक भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक करेंगे। लगभग 6:30 बजे वह सरयू नदी के नया घाट पर आरती देखेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री भव्य दीपोत्सव समारोह की शुरुआत करेंगे।

दीपोत्सव के दौरान विभिन्न राज्यों के विभिन्न नृत्य रूपों के साथ पांच एनिमेटेड झांकियां और ग्यारह रामलीला झांकियां भी लगाई जाएंगी। प्रधानमंत्री ग्रैंड म्यूजिकल लेजर शो के साथ-साथ सरयू नदी के तट पर राम की पैड़ी में 3-डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन मैपिंग शो भी देखेंगे।

# देश में क्रांति लाने की शिक्षक के जुनून की कहानी

## 15 महीने में 8 राज्यों का साइकिल से सफर

हर व्यक्ति अपने जीवन में कोई बड़ा मुकाम हासिल करना चाहता है। इसके लिए सपने देखता है। कोई अच्छी नौकरी करना चाहता है तो किसी को बड़ा बिजनेस करना है, लेकिन कुछ ऐसे लोग भी होते है जो अपने लिये नहीं समाज के लिए जीते हैं और समाज के लिए कुछ करना चाहता है।

ऐसे ही एक व्यक्ति हैं मेहुल लखानी जो पेशे से शिक्षक रहे हैं। देश में स्वास्थ्य और प्रकृति के प्रति क्रांति लाने के लिए टीचर की जॉब छोडी और पिछले 15 महीने से ज्यादा वक्त से साइकिल से यात्रा कर 8 राज्यों में सफर कर लोगों को अवेयर कर चुके हैं। उनका लक्ष्य भारत के 36 राज्यों का साइकिल से यात्रा कर लोगों को प्रकृति और स्वास्थ्य के लिए जागरुक करना है। शिक्षक मेहुल लखानी से प्रयागराज में भास्कर रिपोर्टर की खास बातचीत, जिसमे मेहुल ने अपने यात्रा के अनुभवों को साक्षा किया, साथ ही अपनी इस यात्रा का मोटिव भी बताया।




**प्रकृति और स्वास्थ्य के लिए क्रांति लाना मेरा लक्ष्यः मेहुल**

मेरा नाम मेहुल लखानी है, पर अब हमे लोग मेहुल भारत यात्री से पुकारते हैं। पिता हरीश भाई लखानी और मां सूर्या बेन लखानी हैं। मैं सदगुरु साइकिल स्टैण्ड, गणेश लेन नागपुर का रहने वाला हूं। जून 2021 के पहले मैं मध्य प्रदेश के सरस्वती ग्रामोद्यय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम (हौशंगाबाद) में योग का शिक्षक था, पर कोरोना काल में मैंने प्रकृति और स्वास्थ्य को बहुत नजदीक से देखा और मुझे लगा कि प्रकृति और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को अवेयर होना चाहिए। इसकी ताकत को लोगों को जानना जरूरी है, क्योंकि कोरोना जैसी बीमारी से हम अपने शरीर को स्वस्थ और प्रकृति को साफ-सुथरा रखकर ही लड सके हैं। उन्होंने कहा, मैंने इस यात्रा को साइकिल क्रांति नाम दिया है, मुझे सडकों को नापना नहीं है बल्कि भारत में एक क्रांति लेकर आना है। जैसा कि हम जानते हैं कि भारत में पर्यावरण प्रदूषण से बहुत सारी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। 21 जून 2021 नर्मदापुरम जो कि पूर्व में हौशंगाबाद के नाम से जाना जाता था। वहां से योग यात्रा की शुरुआत की है। लगभग मैंने 18 महीने से ज्यादा का सफर किया है। जिसमे 8 राज्यों को अभी तक कवर किया है। 26 हजार किमी की यात्रा पूरी की है। ऐसे ही पूरे 36 राज्यों में साइकिल से भ्रमण करने का लक्ष्य है। मेरा मोटिव है कि मैं ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य, प्रकृति के प्रति लोगों को जागरुक कर सकूं और मुझे देखकर लोग ज्यादा से ज्यादा साइकिल चलाने की सोचें। मेहुल लखानी ने भारत के युवाओं को स्वस्थ रखने के लिए योग का संदेश देने का निश्चय किया। मेहुल बीते 18 महीने में साइकिल से लगभग 26,000 किमी से ज्यादा का सफर कर चुके हैं।

अब तक मेहुल 8 राज्यों का सफर कर चुके हैं। सफर करने में रोज नई चुनौतियां आना तो तय ही है, लेकिन रास्ते की सभी बाधाओं को पार करते हुए मेहुल भारत यात्री का ये सफर जारी है। मेहुल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस यानी 21 जून 2021 को इस सफर की शुरुआत की। ये कोरोना काल का दौर था, जिसमें सारा विश्व कोरोना जैसी भयंकर त्रासदी से गुजर रहा था। तब मेहुल लखानी ने भारत के युवाओं को स्वस्थ रखने के लिए योग का संदेश देने का निश्चय किया।

# मां-बेटे ने घर में घुसकर बोला हमला

**बागपत।** बागपत के घिटोरा गांव में दबंग मां और बेटे ने घर में घुसकर एक परिवार पर हमला बोल दिया। हमले में परिवार के 2 लोग घायल हो गए और वे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने खेकड़ा पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



पीड़ित मोहित ने खेकड़ा कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के एक व्यक्ति अवधेश और उसकी मां ने मामूली सी बात को लेकर उनके घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट की। साथ ही तमंचा हाथ में लेकर पूरे परिवार को डराया धमकाया। दबंगों की मारपीट में पीड़ति परिवार के 2 लोग घायल हो गए। शिकायत पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायलों का स्थानीय लोगों ने उपचार कराया। पीड़ति परिवार पूरे मामले को लेकर दहशत में हैं। पीड़ति परिवार ने खेकड़ा कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी डीके त्यागी ने बताया कि मारपीट के मामले में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धनतेरस की पूर्व संध्या पर बिकी 4100 बाइक

वाराणसी में दिवाली और धनतेरस की खरीदारी अपने बूम पर है। वाराणसी के गौदोलिया में कपडा बाजार, कोदई चौकी और दालमंडी में इलेक्ट्रॉनिक सामान, सिगरा से लेकर नदेसर तक कार-बाइक, ठठेरी बाजार में किराना की वस्तुएं, विश्वनाथ गली-चौक में ज्वेलरी शॉप और पिपलानी कटरा से मैदागिन तक बर्तन बाजार सज गए हैं। पूर्वांचल और बिहार समेत रोज लाखों की भी शहर में हो रही है। पटाखों, मिठाई, किराना, बर्तन, ज्वेलरी, कार-बाइक, टीवी, मोबाइल, मूर्तियों और कपडों की मांग बाजार में सबसे ज्यादा है। धनतेरस की पूर्व संध्या पर ही वाराणसी में 4100 से ज्यादा बाइक बिक गए। जबकि पिछले साल पूरे अक्टूबर भर में महज 3415 बाइक ही बिकी थीं।

एजेंसी वालों का कहना है कि इस साल तो जैसे बाइक खरीदने की होड सी लगी है। अभी तो दिवाली में दो दिन बाकी है, उम्मीद है कि आंकडा 4100 से बढकर 6 हजार को पार कर जाए। यह रिकॉर्ड तोड बिक्री होगी। सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक हीरो है। जिस तरह से पूछताछ हुई है, उससे तो लगता है कि 2-3 दिन में ही मार्केट इस साल का 40 प्रतिशत बाइक खरीदने का रिकॉर्ड बना सकता है। काशी जौहरियों का मानना है कि इस



धनतरेस वाराणसी का सराफा बाजार 1000 करोड रुपए से ज्यादा का होगा। यह पिछले साल के आंकड़े से 300 करोड अधिक होगा। धनतेरस की पूर्व संध्या पर वाराणसी में 70 लाख रुपए के एक सिक्के का ऑर्डर दिया गया है। सोना-चांदी के साथ की ज्वेलरी में हार और झाला पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। महिलाएं भी इसी की खरीदारी सबसे ज्यादा कर रहीं हैं। इसके बाद कान में सोने की बाली, हीरा अंगूठी और नाक की नथिया आदि ग्राहकों को लुभा रहीं हैं। इस ज्वेलरी की डिजाइन, पॉलिश और फिनिशिंग लोगों को आकर्षित कर रही है। सोने-चांदी के अलावा व्हाइट गोल्ड की ज्वेलरी भी खूब पसंद की जा रहीं हैं। इसमें 25 हजार से लेकर 25 लाख तक आभूषण वाराणसी के मार्केट में बिक रहे हैं। इस बार काशी में आए टर्की और इंडो इटैलियन ज्वेलरी भी काफी चल रही है।

# सोने में सिक्का खरीदना सबसे फायदेमंद



आज धनतेरस है और इस त्योहार पर भारत में सोना-चांदी खरीदने की परंपरा है। भारतीय सोना खरीदते हैं, क्योंकि वे इसे शुभ मानते है, खासकर हिंदू और जैन संस्कृतियों में। यहां प्राचीन काल से ही सोने को पूजा जाता रहा है। इसे सबसे सुरक्षित निवेश भी माना जाता है। यही कारण है कि भारत दुनिया में सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है।

पहले नंबर पर चीन है। वहीं वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के घरों में 2019 में 25,000 टन से ज्यादा सोना था और डिपार्टमेंट ऑफ द ट्रेजरी ब्यूरो ऑफ द फिस्कल सर्विस के 2021 के डेटा के मुताबिक अमेरिका के सरकारी खजाने में 8,000 टन से ज्यादा सोना जमा है। यानी अमेरिका के सरकारी खजाने से करीब तीन गुना ज्यादा सोना हमारे घरों में रखा है।

ऐसे में यहां हम बता रहे हैं कि अगर आप धनतेरस पर सोना खरीदने जा रहे हैं, तो किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। सोने का सिक्का खरीदना चाहिए या ज्वेलरी? आजादी के बाद से सोने के दाम और पर कैपिटा इनकम किस तरह से बढ़ी, लेकिन खबर में आगे बढ़ने से पहले कुछ आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं।

# नवविवाहिता ससुराल से लापता



**मैनपुरी।** मैनपुरी में 11 दिन पूर्व विवाह कर आयी नवविवाहिता अपनी ससुराल से अचानक लापता हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने थाने पहुंचकर ससुरालीजनों पर विवाहिता की हत्या कर शव जलाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ससुरालीजन घर में ताला लगाकर फरार हो गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

# नेटफ्लिक्स पासवर्ड शेयर करने पर एक्सट्रा चार्ज

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पासवर्ड शेयर करने वाले यूजर्स से एक्स्ट्रा चार्ज लेने की तैयारी कर चुका है। कंपनी ने बताया कि प्लेटफॉर्म के स्लो ग्रोथ का सबसे बड़ा कारण पासवर्ड शेयरिंग रहा है। प्लेटफॉर्म प्लेटफॉर्म ही अब फ्यूचर है। इसे ध्यान में रखते हुए कंपनी 2023 की शुरुआत से ही उन यूजर्स से एडिशनल फीस लेगा, जो अपना लॉगिन आईडी और पासवर्ड शेयर करते हैं।

**क्या कहा नेटफ्लिक्स ने**

मंगलवार को नेटफ्लिक्स की क्वार्टर्ली रिपोर्ट जारी हुई। रिपोर्ट जारी करने के साथ नेटफ्लिक्स ने बताया, फाइनली, हमने अकाउंट शेयरिंग करने वाले यूजर्स से एक्स्ट्रा चार्ज करने का फैसला किया है। 2023 की शुरुआत से ही बड़े लेवल पर इन यूजर्स से एक्स्ट्रा फीस ली जाएगी।




**अकाउंट शेयरिंग से यूजर नहीं बढ़ रहे**

नेटफ्लिक्स के प्रोडक्ट इनोवेशन डायरेक्ट चेंगई लॉन्ग ने कहा था कि उनके मेंबर्स नेटफ्लिक्स की फिल्म और टीवी शो को बहुत ज्यादा पसंद करते हैं। इतना ज्यादा कि वे उन्हें ज्यादा से ज्यादा सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। लेकिन, दोस्तों के बीच अकाउंट शेयरिंग के चलते ज्यादा मेंबर्स नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन नहीं लेते हैं। इससे यूजर्स नहीं बढ़ते और कंपनी को घाटा होता है।

**ओटीटी ही फ्यूचर है**

नेटफ्लिक्स के ऑफिसर ने कहा, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का फ्यूचर ही ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं। दूसरे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म मालिक अपने प्रोडक्ट को ग्रो करने के लिए अरबों डॉलर खर्च कर रहे हैं। इस वक्त उन्हें प्रॉफिट नहीं मिल रहा है। लेकिन फ्यूचर में इस पर बहुत ज्यादा प्रॉफिट मिलने वाला है।

**कितने का होगा नया प्लान?**

नेटफ्लिक्स ने नए प्लान की कीमत अब तक जारी नहीं की है। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि नए प्लान की मंथली कीमत 3 से 4 डॉलर (करीब 249 से 332 रुपए) के बीच हो सकती है। जो यूजर्स एक्स्ट्रा फीस नहीं देना चाहते, वे नेटफ्लिक्स के माइग्रेशन टूल का यूज कर सकते हैं। इस टूल की मदद से यूजर्स आसानी से अपनी प्रोफाइल ट्रांसफर कर सकेंगे।



# मशहूर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने होस्ट की दिवाली पार्टी



देशभर में इन दिनों दिवाली का माहौल बना हुआ है। आम से लेकर खास हर कोई दिवाली की तैयारी में लगा हुआ है। एक तरफ जहां आम लोग इस त्योहार को धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं तो वहीं फिल्मी गलियारों में इस त्योहार का जश्न शुरू भी हो चुका है। फिल्मी हस्तियों ने इस त्योहार को सेलिब्रेट करना शुरू कर दिया है। आयुष्मान खुराना, कृति सेनन और रमेश तौरानी के बाद अब मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने भी बांद्रा स्थित अपने घर पर शानदार दिवाली पार्टी का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड के कई सितारों ने शिरकत की। पार्टी का आयोजन करने वाले होस्ट मनीष मल्होत्रा इस दौरान नीले रंग के कुर्ते के साथ काले रंग की पैंट और जैकेट में बेहद स्टाइलिश लग रहे थे। पार्टी के दौरान उन्होंने मीडिया वालों को जमकर पोज भी दिए। मशहूर फिल्म मेकर करण जौहर भी मनीष की इस पार्टी का हिस्सा बने। इस दौरान करण जौहर पीले रंग के कुर्ता पायजामा पहने नजर आए। इसके साथ ही पीले रंग का दुपट्टा उनके आउटफिट को कंप्लीट कर रहा था। इस दौरान करण जौहर ने हाथ जोड़कर पैपराजी का अभिनंदन किया। अपने जमाने की मशहूर अभिनेत्री नीलम भी इस पार्टी का हिस्सा बनीं। इस दौरान अभिनेत्री सीक्वेंस वर्क का मरून रंग वाला लॉन्ग सूट पहनकर पहुंचीं।

# टी 20' वर्ल्ड कप के लिए अमिताभ ने दीं टीम इंडिया को शुभकामनाएं



*अमिताभ बच्चन इस समय 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 14 को होस्ट कर रहे हैं और इसी दौरान उन्होंने टीम इंडिया को भी अपने खास अंदाज में 'टी 20' वर्ल्ड कप की शुभकामनाएं दी। बिग बी की बातें सुनने के बाद शो में मौजूद प्रतिभागी समेत दर्शक भी काफी एक्साइटेड हो गए और इस दौरान केबीसी इंडिया-इंडिया की आवाज से गूंज उठा। यकीनन ये वीडियो देखने के बाद आप भी जोश से भर उठेंगे। एक फैन पेज से साझा किए गए वीडियो में अमिताभ बच्चन को कहते सुना जा सकता है कि ए नीली जर्सी वालो, एक सौ तीस करोड़ सपनों के रखवालो, दिखा के जज्बा लहरा दो तिरंगा, इस बार फिर से विश्वकप उठा लो, नीली जर्सी वालो, ए नीली जर्सी वालो, तुम्हारी बल्लेबाजी के सामने कौन है जो झुका नहीं है...भेद सके जो गेंदबाजी तुम्हारी ऐसा बल्ला बना नहीं है, तुम बस अपनी मेहनत का सिक्का उछालो, ऐ नीली जर्सी वालो। इसके आगे अमिताभ बच्चन कहते हैं 'माना कि ये इम्तिहान बड़ा है, लेकिन तुम्हारे पीछे पूरा हिंदुस्तान खड़ा है एक बार फिर से हमें 2007 वाली खुशी लौटा दो, ए नीली जर्सी वालो, एक सौ तीस करोड़ सपनों के रखवालो, इस बार फिर से विश्वकप उठा लो, इस बार फिर से विश्व कप उठा लो'।*

# 12 साल की उम्र में रीवा ने दी जाह्नवी को टक्कर





चाइल्ड आर्टिस्ट रीवा अरोड़ा ने गुंजन सक्सेना फिल्म में जाह्नवी कपूर के बचपन का रोल किया था। 2 साल में ही उनका जबरदस्त ट्रांसफ ॉर्मेशन देखकर हर कोई हैरान है। रीवा फिल्म उरी में मोहित रैना की बेटी के रोल में दिखी हैं और मॉम फिल्म में श्रीदेवी के साथ भी काम किया है। इंस्टाग्राम पर रीवा के उर्फी जावेद से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उनकी तस्वीरें और वीडियोज देखकर हर कोई हैरान है। बताया जा रहा है कि रीवा सिर्फ12 साल की हैं जबकि 20 साल से कम नहीं दिख रहीं। लोग इंस्टाग्राम पर उनके पेरेंट्स के लिए नेगेटिव कमेंट्स भी कर रहे हैं। करण कुंद्रा के साथ रील के बाद चर्चा में आई रीवा अरोड़ा का इंस्टा खोजकर लोग उनके फोटोज देख रहे हैं। इन पर तरह-तरह के कमेंट्स दिखाई दे रहे हैं। लोगों ने लिखा है कि रीवा की मां ने उनके फॉलोअर्स बढ़ाने और फिल्मों काम दिलवाने के लिए हॉरमोन्स के इंजेक्शन लगवाए हैं। 2 साल पहले बच्ची जैसी दिखने वाली रीवा के बोल्ड अवतार देखकर हर कोई हैरान है। बता दें कि रीवा को इंस्टाग्राम पर 8 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो कर रहे हैं। उनके फॉलोअर्स की संख्या उर्फी जावेद और कई बड़े ऐक्टर्स से ज्यादा है। रीवा के इंस्टा बायो के मुताबिक उनका सोशल मीडिया उनकी मां हैंडल करती हैं। रीवा के लुक्स कई तस्वीरों में जाह्नवी कपूर से मिल रहे हैं तो कुछ लोगों को वह आयशा टाकिया की याद भी दिला रही हैं।

# मिस्ट्री वूमेन का हाथ पकड़े हनी सिंह की फोटो वायरल





हनी सिंह ने कुछ दिन पहले एक तस्वीर शेयर कर सभी को चौंका दिया जिसमें वो मिस्ट्री वूमेन का हाथ पकड़े हुए थे। तस्वीर में दोनों का हाथ दिख रहा है। चेहरा रिवील नहीं किया गया। यूजर्स पोस्ट देखकर यह दावा करने लगे कि ये मॉडल और एक्टर टीना थडानी हैं। ऐसे कयास लगाए जाने लगे कि तलाक के बाद हनी सिंह को नई पार्टनर मिल गई हैं। वहीं कुछ ने बताया कि उनके सॉन्ग का प्रमोशन है। पिछले महीने ही सिंगर का तलाक हुआ था। अब जब उनकी ये तस्वीर सामने आई तो यूजर्स कमेंट्स में उनकी लव लाइफ को लेकर कमेंट करने लगे। हनी सिंह की ये तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। हनी सिंह ने कैप्शन में लिखा, 'यह हमारे बारे में है, मै और तुम। मेरा गाना टुगेदर फॉरेवर अब रिलीज हो गया है। अपने चाहने वालों के साथ रील बनाएं।' पोस्ट पर एक यूजर ने कमेंट किया, 'टीना मैम है।' एक यूजर लिखते हैं, 'नई शादी कर ही लो पाजी अब।' एक अन्य ने लिखा, 'न्यू भाभी?' एक यूजर कहते हैं, 'नई भाभी आ गई क्या' एक फैन ने कमेंट किया, 'नई जिंदगी के लिए बधाई हो यो यो।' हनी सिंह ने जो तस्वीर शेयर की है यूजसज़ ने सबूत खोज निकाला कि वह मॉडल और एक्टर टीना थडानी ही हैं। दरअसल मिस्ट्री वूमेन के हाथ में जो ब्रेसलेट है वैसा ही ब्रेसलेट पहनकर टीना ने कुछ दिनों पहले अपने सोशल मीडिया पेज पर एक तस्वीरें शेयर की थी। माना जा रहा है हनी सिंह ने थ्रोबैक फोटो पोस्ट की। बता दें कि हनी सिंह ने 2011 में शालिनी तलवार के साथ शादी की थी। 2022 में उनका तलाक हो गया था। शालिनी ने हनी सिंह पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था और पिछले महीने ही उनके तलाक का सेटलमेंट हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, हनी सिंह ने एलीमनी राशि के रूप में शालिनी को 1 करोड़ रुपये दिए।

# 6 महीने का हुआ काजल अग्रवाल का बेटा




काजल अग्रवाल ने बेटे नील की लेटेस्ट तस्वीर को पोस्ट किया है। इस तस्वीर के साथ लिखे गए पोस्ट में काजल अग्रवाल ने बताया है कि वह मरदहुड को बहुत एंजॉय कर रही हैं। इस तस्वीर में नन्हें नील बेहद क्यूट नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने एक हाथ से चेहरा ढका हुआ है। काजल ने इस पोस्ट में लिखा है, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा है पिछले 6 महीने इतनी तेजी से कैसे गुजर गए। मेरी लाइफमें जो चेंज आया है मुझे उस पर यकीन नहीं हो रहा। मैं एक डरी हुई लड़की की तरह अपने बेटे को सीने से लगाए ये सोचती हूं कि कैसे मैं एक मां के रूप में अपनी ड्यूटीज को पूरा करूंगी। यकीनन मुझे काम पर बैलेंस बनाना है। अपने समय, ध्यान और प्यार और आपकी देखभाल के साथ मैं कोई समझौता नहीं करूंगी। मैंने कभी भी इन पलों को एक्सपीरियंस करने की कल्पना नहीं की थी। बेटे के 6 महीने पूरे होने को लेकर काजल इस बात से हैरान हैं कि समय कितना तेजी से निकल जाता है पता भी नहीं चलता। मैं और आपके पापा तो मजाक में ये कहते हैं कि समय इतना तेजी से निकल रहा है कि ऐसे लग रहा है जैसे देखते ही देखते आप कॉलेज जाना शुरू कर रहे हैं। मैं इस बात से चकित हूं कि आप जिंदगी के हर छोटे से पल को कैसे लेते हैं और अक्सर उस सबसे बड़ी जिम्मेदारी को एक्सपीरियंस कर रही हूं जो भगवान ने मुझे आपकी मां होने के नाते दी है। जैसा कि वे कहते हैं, मेरे पास अब तक का सबसे चैलेंजिंग और पुरस्कृत काम है। हैप्पी हाफवे टू 1, माई लव, माय बेबी नील।

# कंगना रनौत को मिली एक और बड़ी बायोपिक!



अभिनेत्री कंगना रनौत एक फिल्म में बंगाली थिएटर की दिग्गज बिनोदिनी दासी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, जिन्हें नोटी बिनोदिनी के नाम से जाना जाता है। 'परिणीता' और 'मर्दानी' के लिए मशहूर प्रदीप सरकार आगामी फिल्म का निर्देशन करेंगे। प्रकाश कपाडिया (देवदास, तानाजी: द अनसंग वॉरियर) ने पटकथा लिखी है। अभिनेत्री कंगना रनौत एक फिल्म में बंगाली थिएटर की दिग्गज बिनोदिनी दासी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, जिन्हें नोटी बिनोदिनी के नाम से जाना जाता है। 'परिणीता' और 'मर्दानी' के लिए मशहूर प्रदीप सरकार आगामी फिल्म का निर्देशन करेंगे। प्रकाश कपाड़िया (देवदास, तानाजी: द अनसंग वॉरियर) ने पटकथा लिखी है। वहीं फिल्म की भी लिख रहे हैं। कंगना रनौत बंगाली थिएटर व्यक्तित्व नोटी बिनोदिनी पर एक फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। कोलकाता में सेक्स वर्कस के परिवार में जन्मी बिनोदिनी 19वीं सदी के बंगाल की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्री के रूप में उभरी। 12 साल के करियर में, उन्होंने सीता, द्रौपदी, राधा, कैकेयी और मोतीबीबी सहित 80 से अधिक भूमिकाएँ निभाईं। उन्हें अपनी आत्मकथा लिखने वाली थिएटर की पहली दक्षिण एशियाई अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है। कंगना ने एक प्रेस बयान में कहा, मैं प्रदीप सरकार जी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और इस अवसर के लिए बहुत खुश हूं। साथ ही यह प्रकाश कपाडिया के साथ मेरा पहला सहयोग होगा और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए पूरी तरह रोमांचित हूं। इस देश के कुछ महानतम कलाकारों के साथ यह उल्लेखनीय यात्रा है। यह रनौत की चौथी फिल्म है जिसमें उन्होंने मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफझांसी, थलाइवी (जे जयललिता), और आगामी फीचर इमरजेंसी (इंदिरा गांधी) के बाद एक वास्तविक जीवन का किरदार निभाया है।

# 'राम सेतु' की रिलीज से पहले पाइरेसी पर बड़ा एक्शन



फिल्म इंडस्ट्री को पाइरेसी से हर साल करोड़ों का नुकसान होता है। कई बार तमाम तरह के एक्शन लिए जाते हैं लेकिन पाइरेसी को बढ़ावा देने वाली वेबसाइट पर कोई फर्क नहीं पड़ता दिखता है। इस बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'राम सेतु' की रिलीज से पहले दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने 23 वेबसाइट पर 'राम सेतु' के डिस्ट्रिब्यूशन, स्ट्रीमिंग, डाउनलोडिंग और होस्टिंग पर रोक लगा दी है।





रिपोर्ट के मुताबिक 23 वेबसाइट की लिस्ट तैयार की गई है जहां से फिल्मों और वेब सीरीज को डाउनलोड नहीं किया जा सकता है। 'राम सेतु' के मेकर्स ने कहा कि उनके पास फिल्म के अधिकार हैं इसलिए किसी भी अन्य माध्यम पर स्ट्रीमिंग, वितरण या होस्टिंग के जरिए इंटरनेट/मोबाइल सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर निमार्ताओं की अनुमति के बगैर फिल्म को पहुंचाना कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन होगा। कोर्ट ने कहा कि फिल्म को बनाने और प्रचार प्रसार में याचिकाकर्ता ने करोड़ों रुपये का निवेश किया है। ऐसे में अगर फिल्म किसी भी तरह से वेबसाइट, मोबाइल या अन्य माध्यम पर बगैर निमार्ताओं की अनुमति के रिलीज की जाती है तो इसे गलत माना जाएगा। कोर्ट ने 23 वेबसाइट को 'रामसेतु' की स्ट्रीमिंग, डाउनलोडिंग और होस्टिंग से बैन कर दिया है। मामले में अगली सुनवाई 20 फरवरी को होगी। अक्षय कुमार, जैकलीन फर्नांडिस और नुसरत भरूचा स्टारर फिल्म 'राम सेतु' 25 अक्टूबर को सिनेमागरों में रिलीज होगी। दिवाली के मौके पर रिलीज को लेकर मेकर्स आश्वस्त हैं कि इसे बंपर ओपनिंग मिलेगी। फिल्म के ट्रेलर को सोशल मीडिया पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

# दिशा पाटनी ने ब्रालेट में फ्लॉन्ट की टोन्ड बॉडी





दिशा पाटनी बॉलीवुड की बोल्ड अदाकाराओं में से एक हैं। सोशल मीडिया पर वह अपने फैन्स के साथ तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। फिटनेस फ्रीक दिशा का वर्कआउट करते हुए वीडियो अक्सर वायरल होता है। अब दिशा ने ब्रालेट में लेटेस्ट पोस्ट किया है। इसमें वह अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। दिशा ने ब्लैक एंड व्हाइट ब्रालेट पहना है। उनके एब्स देखे जा सकते हैं। अभिनेत्री ने बालों को खुला रखा है और न्यूड मेकअप किया है। तस्वीर में दिशा फैन्स के दिलों पर बिजलिया गिराती नजर आ रही हैं। उनकी हॉट अदाओं पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ ने दिशा की इस तस्वीर को लाइक किया है। टाइगर और दिशा का भले ही ब्रेकअप हो गया हो लेकिन कृष्णा से अभी भी उनकी अच्छी दोस्ती है। एक यूजर ने कमेंट किया, आपने तो आग लगा दी। एक अन्य यूजर लिखते हैं, बिजलियां गिराने के लिए आपकी ये तस्वीर काफी है। एक फैन ने कहा, फायर है फायर। बता दें कि दिशा ने अपने करियर की सुरुआत सुशांत सिंह राजपूत के साथ फिल्म एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी से की थी। वह पिछली बार मोहित सूरी की फिल्म एक विलेन रिटर्न्स में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ अर्जुन कपूर, जॉन अब्राहम और तारा सुतारिया लीड रोल में थे। दिशा की आने वाली फिल्म साउथ स्टार सूर्या के साथ है। पीरियड ड्रामा इस फिल्म का निर्देशन सीरुथाई शिवा कर रहे हैं। फिल्म का मोशन पोस्टर कुछ दिनों पहले ही रिलीज किया गया।




# पुलिस लाइन में मनाया स्मृति दिवस : कमिश्नर ने शहीद जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि




जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाईन कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के शहीद स्मारक पर पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा विगत एक वर्ष में शहीद हुए पुलिस कर्मियों को ससम्मान श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कमिश्नर आलोक सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को हमारे देश के प्रत्येक पुलिस बल द्वारा पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है।



पुलिस स्मृति दिवस अपने कर्तव्य पालन में संवेदनशीलता समर्पण और बलिदान का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में आयोजित किया जाता है।

इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था रवि शंकर छवि, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय भारती सिंह, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय रामबदन सिंह, पुलिस उपायुक्त नोएडा हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा अभिषेक वर्मा, पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा डॉ. मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस उपायुक्त यातायात गणेश प्रसाद शाहा, अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा आशुतोष द्विवेदी, अपर पुलिस उपायुक्त सै.नोएडा/मुख्यालय साद मियां खां, अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा विशाल पाण्डेय, अपर पुलिस उपायुक्त अपराधअनिल कुमार यादव एवं समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, सहायक रेडियो अधिकारी, अरूण कुमार, प्रतिसार निरीक्षक प्रथम विक्रम सिंह चौहान द्वारा भी शहीद स्मारक पर ससम्मान श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन डंगिरो बसाने की तैयारी

# 300 एमएलडी पानी की होगी सप्लाई

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** बुलंदशहर और दादरी के 87 गांवों की जमीन पर दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन डंगिरो बसाने की तैयारी है। यहां करीब तीन हजार इंडस्ट्री बनाई जाएंगी। यहां कुल छह लाख की आबादी में माइग्रेंट यानी प्रवासी करीब 3.5 लाख होगा। इनके लिए 300 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाएगी। ये पानी गंगाजल, भूमिगत होगा। जिसे मिलाकर सप्लाई किया जाएगा।

डंगिरो में गिरते भू जल स्तर को बढ़ाने और वेटलैंड के लिए यहां 58.96 हेक्टेयर में लेक और 91.75 हेक्टेयर में कैनाल बनाई जाएंगी। 300 एमएलडी में 212 एमएलडी पानी इंडस्ट्री सप्लाई के लिए जाएगा। यहां से निकलने वाले दूषित पानी को एसटीपी के जरिए शोधित किया जाएगा। इसके अलावा घरेलू या डोमेस्टिक सप्लाई के लिए 85 एमएलडी पानी की सप्लाई होगी।

**भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए 58.96 हेक्टेयर में लेक और 91.75 हेक्टेयर में होगी कैनाल**



इस पानी की सप्लाई के लिए यहां कितने नलकूप खंड और जलाशय बनाए जाएंगे इसको लेकर भी चर्चा की जा रही है। हालांकि डंगिरो का 2041 मास्ट प्लान का मैप तैयार किया जा चुका है। जिसमे बुनियादी सुविधा बिजली, पानी और सड़क और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को बखूबी दिखाया गया है। डंगिरो में लोगों के रहने के लिए चार कैटेगरी और तीन टाइप के मकान बनाए जाएंगे। इसमें 18.1 हेक्टेयर में ईडब्ल्यूएस, 40.8 हेक्टेयर में एलआईजी, 29.9 हेक्टेयर में एमआईजी और 1.8 हेक्टेयर में एचआईजी फ्लैट होंगे। जिसमें टाइप-1 ,2 और 3 तरह के मकान बनाए जाएंगे।

### क्या है डंगिरो

डीएनजीआईआर करीब 21 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बसाया जा रहा है। इसके लिए मास्टर प्लान 2041 बनाया गया है। इसका 8811 हेक्टेयर एरिया औद्योगिक होगा। माना जा रहा है कि इस शहर की कुल आबादी छह लाख में रेजिडेंसिएशल एरिया 2 हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा। लैंड पूल के जरिए जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

### क्या होगा इसका लैंड यूज

| लैंड यूज | हेक्टेयर |
|---|---|
| रेजिडेंशियल | 2477 |
| कॉमर्शियल | 905.97 |
| पीएसपी इंस्टीट्यूशनल | 682.15 |
| फैसिलिटी/यूटिलिटी | 198.85 |
| इंडस्ट्री | 8811 |
| पार्क/ओपेन एरिया | 3173.94 |



पुलित्जर पुरस्कार विजेताओं के बीच 6 साल का यह बच्चा दानिश सिद्दीकी का पुत्र है, जो आज अपने पिता की जगह उनका यह पुरस्कार लेने कोलम्बिया विश्वविद्यालय गया था। छाया: जय हिन्द जनाब

## अवनी को राष्ट्रीय कविता लेखन में दूसरा स्थान

**नोएडा।** सेक्टर-30 स्थित डीपीएस की आठवीं की छात्रा अवनी खंडेलवाल ने राष्ट्रीय कविता लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान मिला है। आजादी का अमृत महोत्सव पर राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर एकेडमी द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। अवनी ने अंग्रेजी में करो या मरो शीर्षक के साथ स्वतंत्रता सेनानी को समर्पित कविता लिखी थी। उनको राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर एकेडमी द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया गया।

## तीन दिन बंद रहेगा परिवहन विभाग का दफ्तर

**नोएडा।** सेक्टर 32 स्थित सहायक संभागीय परिवहन विभाग का दफ्तर सोमवार, बुधवार और गुरुवार को बंद रहेगा। ऐसे में नए वाहन के पंजीकरण, वाहनों की फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस समेत गाड़ियों से जुड़ी कोई भी प्रक्रिया नहीं होगी। इस बीच सिर्फ मंगलवार को कार्यालय खुलेगा। धनतेरस पर नए वाहन खरीदने वाले लोगों को पंजीकरण संख्या के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

# कांग्रेसियों ने सत्येंद्र शर्मा को दी बधाई



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त हिमाचल प्रदेश की विधानसभा का पर्यवेक्षक बनाये जाने पर सत्येंद्र शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस आउटरीच विभाग के प्रदेश महासचिव विक्रम चौधरी के नेतृत्व में सेक्टर-2 स्थित कार्यालय पर नवनियुक्त हिमाचल प्रदेश की 57 रेणुकाजी विधानसभा का पर्यवेक्षक बनाये जाने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं एव गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया।

अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश उपाध्यक्ष लियाकत चौधरी ने कहा है कि हमारे बीच के सँघर्षशील कार्यकर्ताओं को जिमेदारी देकर मान सम्मान ब ?ाया है। मेहनती कार्यकर्ताओ को हमेसा से काँग्रेस आगे बढ़ाने का कार्य करती है, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा ने कहा है कि प्रियंका गाँधी ने हमेसा महेनती कार्यकर्ताओ को आगे बढ़ाया जाता है, ये सिर्फ काँग्रेस पार्टी में संभव है। पूर्व महासचिव दयाशंकर पांडेय ने कहा है कि सभी कार्यकर्ता बधाई देते है, और उज्जवल भविष्य की कामना करते है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष लियाकत चौधरी, पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा, आउटरीच प्रदेश महासचिव विक्रम चौधरी, पूर्व महासचिव दयाशंकर पांडेय, धनजय कुमार, सोनू, रंजन सिंह, कुलदीप सिंह, रोशन कुमार, अनिल पांडेय, चाचा सतपाल लाला, हेमन्त कुमार, रोहित शर्मा, अश्वनी मिश्रा, गोपाल पंडित सहित कार्यकर्ता रहे।

# कर्मचारी की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** पुलिस ने सेक्टर- 22 के ई-ब्लाक में इरफान की हत्या के मामले में उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने झग ?ा होने के बाद इरफान के सिर पर हेलमेट से वार करके उसकी हत्या की थी। पुलिस ने उससे संबंधित हेलमेट को भी बरामद कर लिया है।

हमीरपुर निवासी इरफान सेक्टर- 22 ई 117 में किराए के मकान में रहता था। वह सेक्टर दो में एक कॉल सेंटर में काम करता था। 16 अक्तूबर की रात को बालकनी में उसका शव पड़ा मिला था। युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्से में चोट के निशान थे। उसके कमरे में शराब भी मिली थी। पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्ज किया था। अब पुलिस ने जांच के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान ललितपुर के सदर शाह निवासी अभिजीत के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि इरफान उर्फ गनी के साथ उसका झगड़ा हो गया था। इस दौरान आरोपी अभिजीत ने इरफान के सिर पर हेलमेट से एक के बाद एक कई वार कर दिए थे। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

# आईआईएमटी कॉलेज में मनाया दीपावली उत्सव

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज समूह में दीपावली के उपलक्ष्य में उमंग-खुशियों की दिवाली थीम पर दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई। दिया सजावट व मटका सजावट, रंगोली प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आदि। फ्लैश मॉब और डांस जैसी



विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस दौरान सभागार की दीवार पर वायु प्रदूषण के कारण, अंधेरे पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई के बारे में विभिन्न नारे लिखे गए थे। उत्सव मौके पर कॉलेज की कई फैक्लटी ने भी डांस, गायन और कविता जैसे कार्यक्रम में अपनी प्रस्तूति दी। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के सभी डॉयरेक्टर, डीन, एचओडी सहित फैक्लटी और स्टाफ के अनेक लोग मौजूद रहे।

# फुटबॉल मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल की टीम ने हासिल की जीत


जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** एक्सयूवी कैप्टन विजयंत थापर मेमोरियल इंटर स्कूल बॉयज का फाइनल मैच फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 आर्मी पब्लिक स्कूल में खेला गया। आर्मी पब्लिक स्कूल, नोएडा उभरा आर्मी पब्लिक स्कूल धौला कुआं के खिलाफ 2-0 के करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। वहीं सोमरविले स्कूल नोएडा ने दूसरा स्थान रनर अप का स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. सुशील राजपूत और इस अवसर पर नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के अध्यक्ष ने शिरकत की।

जिला फुटबॉल के महासचिव वाजिद अली सम्मानित अतिथि थे और संघ, भुवम जोशी, सदस्य जिला फुटबॉल संघ, बीएस शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता, कर्नल वी.एन. थापर, कैप्टन विजयंती के माता-पिता थापर, प्राचार्य सहित मुख्य अतिथि डॉ सुशील राजपूत व अन्य गणमान्य ने शिरकत की।



इस दौरान ज्योति राणा ने विजेता टीम आर्मी पब्लिक स्कूल को ट्रॉफी प्रदान की और प्रथम उपविजेता टीम, आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुआँ हुई। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागी स्कूलों की सराहना की। एएमपी कर्नल वी.एन. थापर ने द्वितीय उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। सोमरविले स्कूल, नोएडा की ओर से टीम को व्यक्तिगत पदक दिए गए सोमरविले स्कूल, ग्रेटर नोएडा ने चौथा स्थान हासिल किया। आर्मी पब्लिक स्कूल नोएडा के अनुराग रावत को गोल्डन बूट से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में कुल 10 गोल किए। आर्मी पब्लिक स्कूल के वैभव, धौला कुआं को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर चुना गया। आर्मी पब्लिक के हरीश भट्ट स्कूल, नोएडा को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अथर्व राघव आर्मी पब्लिक स्कूल, नोएडा को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टूर्नामेंट में सभी के द्वारा प्रतिभा और खेल भावना का अद्भुत प्रदर्शन देखा गया। टीमों के रूप में उन्होंने मैदान पर गहरी प्रतिबद्धता और समर्पण का प्रदर्शन किया।




जे. एच. जे. कम्यूनिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मोहम्मद इमरान द्वारा सी-65, सेक्टर-9 नोएडा, से प्रकाशित व बीएफएल इंफोटेक लि., सी-9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। संपादक मोहम्मद आजाद (RNI No. : UPHIN/05/14445), ( सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में होगा ) फोन नं. 9311220786. फैक्स : 0120:4267616. Email: jaihindjanab00@gmail.com